चैत्र शुक्ल पक्ष-11, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 151 | पेज 6, मूल्य 2 रुपए
डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
24 नवंबर 2024 रविवार

आज का मौसम
28 अधिकतम
19 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो


Page-5

# महाराष्ट्र में महायुति की छप्परफाड़ जीत कैसे, झारखंड में क्यों हारी भाजपा?

महाराष्ट्र में भाजपा नीत महायुति की बंपर जीत कैसे हुई और झारखंड में भाजपा जीती जिताई लड़ाई कैसे हार गई? यह सवाल मतदाताओं को हैरत में कतई न डाले पर राजनीतिक दल जरूर भौचक्के हैं। लोकसभा सीट में 181 विधानसभा सीटों पर जीत दर्ज कराने वाली




कांग्रेस नीत महाविकास अघाड़ी 288 सीटों वाली विधानसभा में अपनी जीत के अंक 50 के पार भी नहीं ले जा सकी और झारखंड में भाजपा 81 सीटों में से पिछले विधानसभा चुनावों के 25 के आंकड़े से भी चार सीटें पिछड़ गई? झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा की चीर सीटें और राजद की तीन सीटें बढ़ी लेकिन कांग्रेस 16 पर ही ठिठकी रही। अब इन तमाम वजहों की ईमानदारी से समीक्षा और मीमांसा तो होती रहेगी। लेकिन कुछ मुद्दे जरूर हैं जिन पर महाराष्ट्र में कांग्रेस और उद्धव सेना को तथा झारखंड में भाजपा को विचार करना होगा।

### पहले बात महाराष्ट्र की...

1-कांग्रेस और महाविकास अघाड़ी के घटक दल लोकसभा चुनाव के खुमार में ही डूबे रहे।
2- राहुल गांधी को लगा कि भाजपा के चलते संविधान को खतरे तथा आरक्षण की समाप्ति का उनका पैंतरा महाराष्ट्र के दलित आदिवासी और पिछड़ों के बीच एक बार फिर चलेगा, लेकिन यह बिल्कुल नहीं चला।
3- भाजपा ने अयोध्या के पूर्व सांसद लल्लू सिंह के संविधान और आरक्षण के खात्मे की बात को लोकसभा में हल्के में लिया था। भाजपा के 370 पार और एनडीए के 400 पार के नारे के अहंकार में इस मुद्दे की जमकर अनदेखी हुई। यदि भाजपा तभी लल्लू सिंह पर कार्रवाई करती या टिकट काट देती तो यूपी और महाराष्ट्र में लोकसभा चुनावों के नुकसान से शायद बच जाती। कुश्ती संघ ब्रजमोहन सिंह के खिलाफ कार्रवाई कर देती तो हरियाणा में लोकसभा सीटों का इतना नुकसान नहीं होता।
4- भाजपा ने लोकसभा चुनाव के नतीजों से सबक लेते हुए महाराष्ट्र में सारी ताकत झोंकी।देवेंदर फडणवीस से लेकर नितिन गडकरी, एकनाथ शिंदे से लेकर अजीत पवार और प्रफुल्ल पटेल जैसे महाराष्ट्र के तमाम नेताओं तो थे ही। इसके साथ ही मप्र जैसे राज्य से जहां से भाजपा का मूल संगठन खड़ा हुआ उसके प्रमुख नेताओं को लगाया। विदर्भ में जहां लोकसभा में कांग्रेस ने पूरी ताकत झोंकी थी, वहां पर भाजपा के दिग्गज नेताओं कैलाश विजयवर्गीय, नरोत्तम मिश्रा, विश्वास सारंग जैसे नेताओं को दो महीने पहले से ही झोंक दिया। इसके साथ ही महाराष्ट्र से सटे अन्य क्षेत्रों में गुजरात, कर्नाटक, गोवा, जैसे राज्यों के नेताओं की भी ड्यूटी लगाई।
5- कांग्रेस को भाजपा की असली ताकत और तैयारियों की भनक तक नहीं लगी और राहुल गांधी केवल संविधान के खतरे



की रट लगाए रहे, जबकि जनता समझ चुकी थी कि उनके इस दावे में कोई भी दम नहीं हैं। बीते चुनावों में पहले अनिल अंबानी अंबानी बाद में अंबानी और अडानी तथा इस चुनाव में अडाणी की तरक्की का रोना रोते हुए वे जनता को रिझाने की कोशिश करते रहे। आगे भी करेंगे तो उसका नतीजा भी यही होगा। राहुल और उनकी कांग्रेस ने हिमाचल, कर्नाटक और तेलंगाना में वादे तो खूब किए थे। लेकिन वादे कसौटी पर नहीं उतरे जिसके चलते महाराष्ट्र में किए वादों पर मतदाताओं ने ऐतबार नहीं किया। इसके पहले मध्य प्रदेश , छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस और राहुल गांधी के वादों की पोल खुल चुकी थी। यानि राहुल का चेहरा और उनकी दलीलें लोगों के गले नहीं उतरीं। याद रहे 2019 के चुनावों में गांधी परिवार ने महाराष्ट्र विधानसभा से दूरी बनाई थी तो कांग्रेस 44 सीटें जीती थीं। इस बार सब कुछ झोंका फिर भी 16 सीटें ही आ सकीं।
6- बाला साहब ठाकरे के कांग्रेस और एनसीपी के धुर विरोध को दरकिनार करके उद्धव ने अपनी पत्नी रश्मि ठाकरे तथा संजय राऊत सरीखे नादान सलाहकार के कहने पर 2019 में जीते भाजपा-शिवसेना गठबंधन को तोड़ा, उसका खामियाजा लोकसभा में भले ही नहीं दिखा लेकिन इस चुनाव में लोगों ने भाजपा का दामन थामने वाले एकनाथ शिंदे को असली शिवसेना नेता के बतौर मान्यता दी
7- उम्रदराज हो चले शरद पवार की जगह उनके भतीजे अजीत पवार तथा उद्धव के बजाए एकनाथ शिंदे को महाराष्ट्र के मराठा मतदाताओं ने तवज्जो दी।
8- कांग्रेस हवा हवाई बातें करती रही। उनके जनाधार विहीन नेता दिल्ली में बैठे कांग्रेस और वामपंथ के पैरोकार पत्रकारों, राजनीतिक विश्लेषकों और भाजपा विरोधी मुहिम चलाने वाले यू ट्यूबरों के दावों के दम पर महाराष्ट्र में ख्याली पुलाव पकाती रही। कांग्रेस का जमीनी तंत्र जो चुनाव जिताने के लिए जरूरी है, वह गायब था। इसीके चलते जनता के भरोसे चुनाव जीतने के उसके मंसूबों पर पानी फिर गया।

### अब बात झारखंड की...

1- झारखंड में बीस साल में पहली बार किसी ने जीत दोहराई है तो उसकी वजह झामुमो से ज्यादा खुद भाजपा है। भाजपा ने स्थानीय कार्यकर्ताओं और नेताओं की अनदेखी करते हुए हेमंत सोरेन को जेल भिजवाकर अपनी जीत की बुनियाद रखी। यह दांव पूरी तरह से उल्टा पड़ा।
2-झारखंड के आदिवासियों में उनके जेल जाने से जो सहानुभूति उपजी थी, उसे किसी तरह निस्तेज करने की कोशिश भी हुई। काफी हद तक कामयाबी भी मिली लेकिन पहले चरण के मतदान यानि 13 नवंबर के चार दिन पहले हेमंत सोरेन के निज सचिव सुनील सिरीवास्तव के नौ ठिकानों पर आयकर छापों ने आदिवासी मतदाताओं के बड़े वर्ग के जख्म फिर हरे कर दिए।
3-पिछली बार की हार से भाजपा ने सबक नहीं सीखा। 2019 में भाजपा को हराने में झामुमो और कांग्रेस को ईसाई मिशनरी, नक्सलियों, पत्थलगढ़ आंदोलन से जुड़े लोगों और बांग्लादेशी घुसपैठियों ने काफी मदद की थी। भाजपा ने फिर इस पर ध्यान नहीं दिया। भाजपा को समझना होगा कि सिर्फ केंद्रीय एजेंसियों की छापेमारी से चुनाव नहीं जीते झाते। लोकसभा में 14 में से 9 सीने वाली भाजपा ने सबसे ज्यादा 33 फीसदी मत तो हासिल किए लेकिन महाराष्ट्र की तरह माइक्रो लेवल मैनेजमेंट में वह चूक गई। मोदी से लेकर अमित शाह और शिवराज सिंह चौहान से लेकर हेंमत बिस्वा शर्मा राज्य के मुद्दों के बजाए केंद्रीय मुद्दों की बात करते रहे। उधर हेमंत सोरेन का 2500 रूपए महिलाओं के सम्मान निधि से लेकर बिजली के बिल की माफी का स्थानीय मुद्दा काम कर गया।



## जामा मस्जिद में सर्वे को लेकर बवाल, पुलिस पर किया पथराव

**संभल. एजेंसी**

उप्र के संभल की जामा मस्जिद में सर्वे को लेकर गुस्साए लोगों ने आज पुलिस पर पथराव किया । भीड़ को भगाने के लिए पुलिस की तरफ से आंसू गैस के गोले दागे गए। कोर्ट के आदेश के बाद जब आज दूसरी बार सर्वे करने के लिए टीम फिर से पहुंची तो भीड़ भड़क गई और भीड़ ने पुलिस पर हमला कर दिया, पत्थरबाजी और जमकर धक्का मुक्की भी हुई। फिलहाल संभल में हालात तनावपूर्ण हैं। बताया जाता है कि सुबह साढ़े सात बजे सर्वे की टीम जामा मस्जिद के अंदर दाखिल हुई। करीब एक घंटे तक हालात सामान्य थे तभी अचानक भीड़ आ गई है और पुलिस के बीच बहस हो गई। जामा मस्जिद के आसपास के इलाके में इकट्ठा हुई भीड़ को हटाने के लिए जमा मस्जिद के सदर ने मस्जिद के अंदर से किया ऐलान किया लेकिन भीड़ हटी नहीं।

**कोर्ट ने दिया था आदेश:** संभल में जामा मस्जिद का सर्वे करने के लिए आज टीम दोबारा पहुंची थी। पहले 19 नवंबर को संभल जिले की चंदौसी स्थित सिविल जज सीनियर डिवीजन आदित्य सिंह की कोर्ट ने जामा मस्जिद के एडवोकेट कमिश्नर सर्वे का आदेश दिया था।

## कृपालु महाराज की बेटियों का भीषण एक्सीडेंट, एक की मौत

**नोएडा, एजेंसी।** भक्तिधाम मनगढ़ कुंडा व प्रेम मंदिर वृंदावन के संस्थापक जगद्गुरु कृपालु महाराज की बेटियों की कार का आज सुबह यमुना एक्सप्रेस वे पर भीषण एक्सीडेंट हो गया। तीनों बेटियां सिंगापुर जाने के लिए जेवर एयरपोर्ट जा रही थीं तभी उनकी कार डंपर से टकरा गई। हादसे में कृपालुजी की बड़ी बेटी 65 वर्षीय डॉ. विशाखा त्रिपाठी का निधन हो गया। दो छोटी बेटियों, डॉ. श्यामा त्रिपाठी और डॉ. कृष्णा त्रिपाठी की हालत गंभीर है। उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। विशाखा त्रिपाठी जगद्गुरु कृपालु परिषद की अध्यक्ष थीं। वे परिषद जगद्गुरु कृपालु परिषद शिक्षा और जगद्गुरु कृपालु चिकित्सालय का काम भी देखती थीं। भक्त उन्हें प्यार से बड़ी दीदी कहते थे।

### अरविंद कुमार को सुपरसीड कर डीजीपी की कमान सौंपने की कहानी

# मकवाना की नियुक्ति में एमओएच के दो किरदारों की खास भूमिका !

**भोपाल.दोपहर मेट्रो**

मप्र में नये डीजीपी के लिये सस्पेंस देर रात तब खत्म हो सका,जब सीएम यादव ने कैलाश मकवाना को निवास पर बुलाया। उन्हें सीनियर आईपीएस अधिकारी अरविंद कुमार को सुपरसीड कर यह जिम्मेदारी दी गई। सीएम ने उनसे लंबी बात की और निर्णय की जानकारी दी। इसके बाद गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव एसएन मिश्रा ने डीजीपी पद पर रात करीब 11 बजे मकवाना की नियुक्ति संबंधी आदेश जारी किये। मकवाना की नियुक्ति में केंद्रीय गृह मंत्रालय के दो शक्तिशाली नामों की भी खास भूमिका मानी जा रही है।

सूत्रों की मानें तो मकवाना की पोस्टिंग में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की भी सहमति रही है। मकवाना के लिए 88 बैच के उनके साथी तथा आईबी चीफ तपन डेका की भी प्रमुख भूमिका मानी जा रही है, हालांकि वे सीएम यादव की पसंद तो हैं ही। दरअसल डेका को बीते दिनों केंद्र ने सेवावृद्धि दी है। डेका का कार्यकाल 1 जुलाई से शुरू हुआ है, उनके पूर्ववर्ती अरविंद कुमार का कार्यकाल 30 जून 2022 को समाप्त हो गया था। हिमाचल कैडर के आईपीएस डेका आतंकवाद रोधी अभियानों के विशेषज्ञ माने जाते हैं वे 30 जून 2024 को रिटायर होने वाले थे लेकिन केन्द्र सरकार ने कार्यकाल को एक साल के लिए बढ़ा दिया है। डेका पूर्वोत्तर में उग्रवाद से निपटने और इंडियन मुजाहिदीन के खात्में में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए जाने जाते हैं। डेका ने मप्र व छत्तीसगढ़ में वामपंथी चरमपंथियों के खिलाफ हुए अभियानों में हिस्सा लिया है।




नए डीजीपी को बेहद इमानदार माना जाता है। आज कांग्रेस नेता केके मिश्रा ने उनका एक पुराना ट्वीट सोशल मीडिया पर शेयर किया है और शुभकामना देते हुए लिखा कि आकंठ भ्रष्टाचार के दौर मप्र में एक 'वास्तविक ईमानदार' आईपीएस अधिकारी की खोज ही बड़े सौभाग्य का विषय है। उम्मीद है कि राजनीतिक दबावों के बावजूद मकवाना की कार्यशैली आमजन के प्रति सार्थक रहेगी।

### उज्जैन के निवासी, दुर्ग से शुरुआत

उल्लेखनीय है कि मकवाना सीएम के ही गृह जिले उज्जैन के रहने वाले हैं। वह अभी पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन के चेयरमैन है। वह अविभाजित मप्र के दुर्ग शहर से एएसपी के पद से पुलिस सेवा की शुरुआत करके स्पेशल डीजी लोकायुक्त, स्पेशल डीजी सीआईडी, एडीजी सीआईडी, एडीजी नारकोटिक्स, एडीजी, एडमिन, एडीजी गुप्तवार्ता और एडीजी प्रबंध रह चुके हैं।

## यूके-जर्मनी के लिए मुंबई से आज उड़ान भरेंगे सीएम



**भोपाल।** बतौर मुख्यमंत्री मोहन यादव आज अपनी पहली विदेश यात्रा पर रवाना हो रहे हैं, वे यूके और जर्मनी के लिए शाम को मुंबई से उड़ान भरेंगे। सबसे पहले वे लंदन पहुंचेंगे और फिर 6 दिन तक मप्र में निवेश लाने के लिए विदेशी उद्योगपतियों से अलग-अलग शहरों में बात करेंगे। हालांकि आज मुंबई से रवाना होने से पहले सीएम ने मप्र के उद्योगपतियों से शुभमस्तु कार्यक्रम में बातचीत की तथा उनके सुझाव लिए। अब वह 25 से 30 नवंबर तक यूके और जर्मनी के अलग-अलग शहरों में उद्योगपतियों व उनके प्रतिनिधियों से मप्र में निवेश पर बात करेंगे। उनका फोकस भोपाल में फरवरी 2025 में प्रस्तावित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट पर है। इसके लिये वे विदेशी निवेशकों को आमंत्रित करेंगे। सीएम ने निवेश लाने के लक्ष्यों में सफलता के लिए बड़ी बहन कलावती यादव से आशीर्वाद लिया कहा कि आजादी के बाद यह पहला मौका है जब मप्र विदेशी निवेश लाने के लिए नए कदम बढ़ा रहा है। निवास पर हुए शुभमस्तु कार्यक्रम में विदेश से उद्योगपति व मप्र और अलग-अलग राज्यों से जाकर वहां रहने वाले कई नागरिक वर्चुअली जुड़े ।

**- रवानगी से पहले उद्योगपतियों से किया संवाद**

**- ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के लिए विदेशी उद्योगपतियों को करेंगे आमंत्रित**

**मेट्रो एंकर**

### अमेरिकी अदालत के मामले के बाद अमीरों के बीच रैंकिंग भी बिगड़ी

# अडाणी को 3 दिन में 10,000 करोड़ का फटका !

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अमेरिका में जांच और सिक्योरिटी एक्सचेंज कमीशन के आरोपों की बीच गौतम अडानी की शेयर बाजार में लिस्टेड कंपनियों के शेयरों में जोरदार गिरावट जारी है।इससे एक ओर जहां अडानी ग्रुप का मार्केट कैपिटलाइजेशन कम हुआ है, तो वहीं गौतम अडानी की नेटवर्थ पर भी बुरा असर पड़ा है। संपत्ति में गिरावट के चलते दुनिया के टॉप अरबपतियों की लिस्ट में अडानी ग्रुप के चेयरमैन एक झटके में चार पायदान नीचे खिसककर 21वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

अमेरिका में अडानी पर लगाए गए कथित 265 मिलियन डॉलर रिश्वत मामले के बाद, उनकी कंपनियों के शेयरों में गिरावट आई। ये आरोप उनकी कंपनी अडानी ग्रीन एनर्जी को एक सोलर कॉन्ट्रेक्ट दिलाने के लिए लगाए गए। ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स के मुताबिक, शेयर टूटने के असर भी पड़ा और ये कम होकर अब 70.8 अरब डॉलर रह गई। बीते 24 घंटे में ही अडानी की संपत्ति 1.19 अरब डॉलर ( 10000 करोड़ रुपये ) तक कम हो गई है। अमेरिकी आरोपों से पहले भारतीय अरबपति गौतम अडानी लिस्ट में 18वें पायदान पर काबिज थे, लेकिन अब वे खिसककर 21वें नंबर पर आ गए हैं. उनकी जगह अब दुनिया के 18वें सबसे अमीर इंसान मैक्सिको के अरबपति कार्लोस स्लिम हेलू बन गए।

खास बात यह है कि पिछले साल अडानी पर अमेरिका से एक बम फूटा था, जिसके बाद उनकी संपत्ति में बड़ी गिरावट देखने को मिली थी। अमेरिकी शॉर्ट सेलर फर्म हिंडनबर्ग ने अडानी ग्रुप पर रिसर्च रिपोर्ट जारी कर शेयरों में हेर-फेर और कंपनियों पर कर्ज को लेकर 88 सवाल उठाए थे। इस रिपोर्ट के बाद भी अडानी को तगड़ा नुकसान उठाना पड़ा था उनका मार्केट कैप 150 अरब डॉलर तक घट गया था।



### अमेरिका से मिला समन, 21 दिन में मांगा जवाब

इस बीच एक रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका के सिक्योरिटी एक्सचेंज कमीशन यानी एसईसी ने अडानी समूह के चेयरमैन गौतम अडानी और उनके भतीजे सागर अडानी को जो समन जारी किया है, उसके मुताबिक, दोनों को रिश्वत मामले में 21 दिनों में अपना जवाब देना होगा. रिपोर्ट में ये भी बताया गया है कि गौतम अडानी के अहमदाबाद स्थित शांतिवन फार्म हाउस और उनके भतीजे सागर अडानी के इसी शहर में बोदकदेव आवास पर जवाब देने के लिए ये समन भेजा गया है.

## मस्क बोले- भारत ने 64 करोड़ वोट एक दिन में गिने

### अमेरिका में अब तक गिनती




**न्यूयार्क. एजेंसी**

दुनिया के सबसे अमीर उद्योगपति एलॉन मस्क ने भारत के इलेक्शन सिस्टम पर टिप्पणी की है और अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव की तुलना भारत के लोकसभा चुनाव से की है। मस्क ने लिखा है, भारत ने एक दिन में 640 मिलियन वोटों की गिनती कर ली है, जबकि कैलिफोर्निया अभी भी वोटों की गिनती कर ही रहा है। दरअसल, अमेरिका में 5-6 नवंबर को वोट डाले गये थे। उसके बाद से वहां अब तक वोटों की गिनती जारी है। कैलिफोर्निया भी इनमें से एक राज्य है. हालांकि अमेरिका के दूसरे राज्यों में वोटों की गिनती पूरी हो चुकी है और इस चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप विजेता घोषित किये जा चुके हैं। ट्रंप जनवरी में अमेरिका के राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे। हालांकि भारत और अमेरिका के चुनाव में एक मूल अंतर यह है कि अमेरिका में अभी भी बैलट पेपर के जरिये मतदान होता है जबकि भारत ने सालों पहले मतदान के लिए ईवीएम को चुन लिया है।



## राजधानी में सर्द रातें, पारा 8 पर

भोपाल, दोपहर मेट्रो। इस वक्त राजधानी उत्तरी हवाओं से ठिठुर रही है। रात में तापमान तेजी से गिर रहा है। भोपाल में साढे तीन दशक बाद सबसे कम तापमान रहा यह 8.8 डिग्री तक लुढ़क गया। इंदौर, ग्वालियर-जबलपुर में भी पारा लुड़का है। उत्तरी हवाओं के कारण तापमान तेजी से गिर रहा है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि एक और पश्चिमी विक्षोभ अफगानिस्तान की ओर है। इसके प्रभाव से मंगलवार से न्यूनतम तापमान बढ़ेगा। पश्चिमी विक्षोभ गुजरने के बाद अगर अच्छी बर्फबारी होती है तो नवंबर के आखिरी हफ्ते में सर्दी बढ़ सकती है।

# कृषि क्षेत्र की तकनीक सीखने महाराष्ट्र जाएंगे मंत्री और अफसर

### सीएम के नागपुर दौरे के बाद शुरू हुई तैयारी

भोपाल. दोपहर मेट्रो।

महाराष्ट्र कृषि के क्षेत्र में कई नवाचार कर रहा है, इन नवाचारों को अपनाने के लिए मप्र के मंत्री व अधिकारियों का संयुक्त दल महाराष्ट्र के नागपुर समेत अन्य शहरों का जल्द दौरा करेगा। यह संयुक्त दल कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना के नेतृत्व में जाएगा। ज्ञात हो कि गत दिनों सीएम मोहन यादव ने एग्रोविजन राष्टीय कृषि मेले को नागपुर में संबोधित किया है। मेले में नये उपकरणों की प्रदर्शनी लगाई थी। दरअसल, महाराष्ट्र के अंदर कृषि के क्षेत्र में सीएनजी से चलने वाले ट्रैक्टर का उपयोग हो रहा है, जो प्रदूषण से लड़ने में काफी मददगार साबित हो रहे हैं। किसानों को खेती में लागत भी कम आ रही है। डीजल से चलने वाले ट्रैक्टर से खेती करना महंगा पड़ रहा। ड्रोन तकनीक से निगरानी को भी बढ़ावा दिया जा रहा है जो किसानों के लाभप्रद साबित हो रही है। सरकार की मंशा है कि महाराष्ट्र और मप्र साथ मिलकर हर क्षेत्र में एक-दूसरे के अनुभवों को साझा करें। कई क्षेत्रों में मिलकर अच्छा काम हो सकता है, जिसका लाभ दोनों राज्यों को मिलेगा। मप्र ने गौ-पालकों को गाय के स्थान पर गौरी देने की योजना बनाई है। गौ-पालक 5 गौरी ले जाएंगे और अपने घर पर उनको बड़ा करेंगे। फिर 2 गाय व अपने घर में ही रख सकेंगे तथा 3 गायें सरकार खरीदेगी। महाराष्ट्र भी घर घर दूध उत्पादन क्षमता बढ़ाने के प्रयास हो रहे हैं।

# कौशल प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने प्रदर्शित की दक्षताएं



### चुनिंदा माडल को पुरस्कार

भोपाल. दोपहर मेट्रो।

राजधानी स्थित शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय में राज्य स्तरीय कौशल प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शित व्यावसायिक कौशल मॉडल्स के अवलोकन के दौरान आयुक्त लोक शिक्षण शिल्पा गुप्ता ने कहा कि व्यावसायिक शिक्षा स्वावलंबन का मार्ग प्रशस्त करती है। स्टार्स परियोजना में व्यवसायिक शिक्षा और आज की प्रदर्शनी आयोजन इसी कड़ी का हिस्सा है। इस प्रदर्शनी में स्कूली विद्यार्थियों द्वारा कई रोचक मॉडल प्रस्तुत किए गए। स्कूल शिक्षा विभाग प्रदेश के 2383 विद्यालयों में प्रति विद्यालय 2 ट्रेड के मान से नवीन व्यावसायिक शिक्षा संचालित कर रहा है। विद्यालय स्तरीय कौशल प्रदर्शनियों में 1790 शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के लगभग 25,000 विद्यार्थी शामिल हुए थे। जिनमें से प्रत्येक विद्यालय के प्रथम पुरस्कार प्राप्त विद्यार्थियों के द्वारा जिला स्तरीय प्रदर्शनी में प्रतिभागिता की गई। राज्य स्तर पर आयोजित प्रदर्शनी मे प्रदेश के 52 जिलों से 2-2 विजेता विद्यार्थियों कुल 104 विद्यार्थी द्वारा सहभागिता की गई। राज्य कौशल प्रदर्शनी में आये सभी प्रतिभागी एवं संचालित सभी ट्रेडों के मेरिट सूची में आये टॉप 3 विद्यार्थियों, शिक्षक, राज्य, संभाग एवं जिले के अधिकारी प्रतिभागियों को राज्य के बाहर 5 दिवसीय स्किल एक्सपोजर विजिट पर ले जाया जाएगा। संस्कार का 'इमरजेंसी अलर्ट ट्रैकिंग डिवाइस' प्रथम: प्रदर्शनी में जबलपुर के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय की कक्षा 11वीं के विद्यार्थी संस्कार लोधी के व्यावसायिक मॉडल 'इमरजेंसी अलर्ट ट्रैकिंग डिवाइस' को 25 हजार का प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। 15 हजार का द्वितीय पुरस्कार केसली की कक्षा 12वीं के विद्यार्थी सम्यक जैन को मिला। तृतीय स्थान पर दमोह के हर्ष अग्रवाल रहे।

# नॉन परफार्मर अफसरों की बन रही तबादला सूची

### सीएम की वीडियो कांफ्रेंस के संदेश पढ़ने की कोशिश में ब्यूरोक्रेसी

भोपाल. दोपहर मेट्रो।

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने विदेश यात्रा पर रवाना होने से पहले प्रशासन व पुलिस के सभी मैदान अफसरों की क्लास लेकर संकेत दे दिये है कि नये साल में फिर एक बडी प्रशासनिक सर्जरी होगी। इसके बाद बीते दो दिनों से ब्यूरोक्रेसी में खदबदाहट है। माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री और मुख्यसचिव के स्तर पर जिलों के अफसरों के कामकाज की कुंडली तैयार हो रही है। दरअसल हाल में कई जिलों में खाद संकट को लेकर हाहाकार से सरकार को काफी मुश्किल हुई है। इसके अलावा कानून व्यवस्था के मोर्चे पर भी अफसरों की लापरवाही सामने आयीं है। इसीलिये सीएम यादव ने खुद मामलों पर संज्ञान लिया और अफसरों से सीधे जवाब मांगे। कान्फ्रेंसिंग में कृषि विभाग के अधिकारियों से यह तक पूछा कि उपलब्धता की क्या स्थिति है। जब यह जवाब आया कि भरपूर खाद है, जिलों को भेज भी रहे हैं। तो सीएम कमजोर वितरण व्यवस्था वाले जिलों के कलेक्टर व एसपी पर नाराज हुए। उन्होंने कहा कि इस कमजोरी के चलते ही लग रहा है कि प्रदेश में खाद संकट है। उन्होंने साफ कहा कि खाद वितरण हो या फिर लॉ एंड ऑर्डर का मामला। सभी में स्थानीय स्तर पर निर्णय लेकर ठोस कार्रवाई करें। इसीलिये उन्होंने गुना कलेक्टर से किसान की मौत की वास्तविक वजहों पर सवाल किया था।



मैदान में जाने की नसीहतें व 6 जनवरी: सीएम ने सभी जिलों में कलेक्टर व एसपी को परोक्ष रूप से 6 जनवरी की डेडलाइन दी है। यानि स्थितियां नहीं सुधरी तो इस दिन के बाद तबादले होंगे। दरअसल 6 जनवरी तक चुनाव आयोग का मतदाता सूची के पुनरीक्षण का काम चल रहा है। इस काम के बीच आमतौर पर कलेक्टर का तबादला नहीं होता है। हालांकि सूत्रों का कहना है कि जिन कलेक्टर एसपी के कामकाज में कमजोरी पाई गई है उनका 6 जनवरी के बाद हटना तय है,वे चाहे कितना भी परफार्मेंस सुधार लें। उल्लेखनीय है कि सीएम ने अफसरों से साफ कहा है कि वे दफ्तरों से बाहर निकलकर दौरा करें। जिन जिलों से अनियमितताओं की शिकायतें आएंगी, वहां कार्रवाई होगी। बताया जाता है कि सीएम सिवनी समेत करीब आधा दर्जन जिलों के कलेक्टरों के कामकाज से खुश हैं। लेकिन इतने ही जिलों के कलेक्टर व पुलिस अफसर उनके रडार पर हैं।

# सामूहिक विवाह फिजूलखर्ची रोकने का माध्यम-चौकसे

भोपाल. एजेंसी

वरिष्ठ नागरिक मंच कलार समाज व एलएनसीटी ग्रुप के संयुक्त तत्वाधान में कलचुरि समाज का तृतीय निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन 10 दिसंबर को एलएनसीटी विश्वविद्यालय, जेके अस्पताल परिसर, में सुबह आयोजित किया जा रहा है। आयोजन समिति के राजेश राय ने बताया कि सामुहिक विवाह सम्मेलन में 11 जोड़ो का निःशुल्क विवाह होना है। हैहय कलचुरि महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व एलएनसीटी चेयरमैन जयनारायण चौकसे का कहना है कि समाज में सामाजिक समरसता और सर्वधर्म-समभाव को बढ़ावा देने के लिए कलचुरि समाज कार्य कर रहा है। सामुहिक विवाह आयोजनों की सफलता तभी संभव होती है, जब संगठित होकर कार्य में सभी का सहयोग मिलता है। सामूहिक विवाह सम्मेलन में परिजन सीमित संख्या में उपस्थित होकर पूरे रीति- रिवाज और धूमधाम से अपने बेटे-बेटियों का विवाह करते है जिससे फिजूलखर्ची नहीं होती। संरक्षक पूनम चौकसे ने कहा कि एकता से ही समाज को शाक्ति मिलती है।

# विचाराधीन 72 कैदियों की जमानत के लिए आवेदन

### बीएनएसएस के अंतर्गत जमानत पर रिहा करने का है प्रावधान

भोपाल. एजेंसी

विचाराधीन कैदियों को जमानत के लिए 26 नवंबर को संविधान दिवस के पहले देश भर में आवेदन न्यायालयों में लगाए जा रहे हैं। मध्यप्रदेश में 72 कैदियों के आवेदन अभी तक लगाए गए हैं। इनमें से 18 को जमानत मिल भी गई है। 10 की जमानत याचिका न्यायालयों ने अस्वीकृत कर दी है। बाकी 44 कैदियों की जमानत याचिका पर विचार चल रहा है। एक-दो दिन में कुछ और कैदियों की जमानत आवेदन लग सकते हैं। पहली बार अपराध करने वाले ऐसे कैदी, जिन्होंने उस अपराध के लिए निर्धारित अधिकतम सजा की एक-तिहाई अवधि जेल में बिता दी है, उनके जमानत आवेदन लगाए गए हैं। एक से अधिक अपराध करने वालों के लिए शर्त यह है कि उन्होंने निर्धारित अधिकतम सजा की अवधि में से आधा समय विचाराधीन कैदी के रूप में जेल में काट लिया हो।

**जेलों में क्षमता से अधिक कैदी:** दरअसल, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 479 के अंतर्गत संबंधित अपराध में अलग-अलग शर्तों के अंतर्गत आधी या एक-तिहाई सजा काट चुके विचाराधीन कैदियों को जमानत पर रिहा करने का प्रावधान है। सुप्रीम कोर्ट ने भी इसका पालन करने के लिए कहा है। इसके लिए संबंधित जेल अधीक्षकों को उन न्यायालयों में आवेदन देना है, जहां कैदियों का प्रकरण चल रहा है। जेल महानिदेशक जीपी सिंह ने कहा कि हम पहले से ही इस तरह के कैदियों की जमानत आवेदन संबंधित न्यायालय में प्रस्तुत करते रहे हैं। इस पर अंतिम निर्णय न्यायालय का होगा। जानकारों की माने तो बीएनएसएस में यह प्रावधान किए जाने का एक बड़ा कारण यह भी है कि जेलों में क्षमता से अधिक कैदी न रहें।

# निजी कॉलेजों के संबद्धता संबंधी प्रबंधन को बनाएं पारदर्शितापूर्ण



भोपाल। उच्च शिक्षा विभाग ने कॉलेजों की संबद्धता को लेकर सख्त कदम उठाए हैं। उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने मंत्रालय में उच्च शिक्षा अन्तर्गत नवीन अशासकीय महाविद्यालय मार्गदर्शिका की समीक्षा की। मंत्री परमार ने मार्गदर्शिका में निहित पूर्व प्रावधानों के विभिन्न बिंदुओं पर समग्र विमर्श कर, विविध संशोधन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उच्च शिक्षा मंत्री परमार ने कहा कि अशासकीय महाविद्यालय संबद्धता संबंधी प्रबंधन को, विद्यार्थियों के हितों के अनुरूप एवं पारदर्शितापूर्ण बनाएं। परमार ने कहा कि महाविद्यालयों के अकादमिक एवं शैक्षणिक स्तर में उत्तरोत्तर गुणवत्ता वृद्धि के लिए आवश्यक क्रियान्वयन करें। बैठक में प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा अनुपम राजन, आयुक्त उच्च शिक्षा निशांत वरवड़े व विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी (संबद्धता) डॉ. सुनील सिंह सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

**मेट्रो एंकर**

### नवनिध में दो दिवसीय वार्षिक उत्सव 'मंथन' की शुरूआत

# माता-पिता के त्याग का आदर करें बेटियां: सिद्धभाऊ

हिरदाराम नगर. एजेंसी

नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल के दो दिवसीय वार्षिक समारोह 'मंथन' की शुरूआत रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों के साथ हुई। पहले दिन शनिवार को विद्यालय की 550 छात्राओं ने प्रस्तुतियां दीं, जिसमें प्रतिभा और कला के विविध रंग बिखेरे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में पूर्व छात्रा डॉली शहनी का जीवन सभी बच्चियों के लिए एक प्रेरणा है। विशेष अतिथि के रूप में पूर्व छात्रा डॉली शहानी ने कहा कि 21वीं सदी की महिलाओं के लिए कुछ भी असंभव नहीं है। आपने छात्राओं का आव्हान करते हुए कहा कि सिर्फ अकादमिक नहीं स्वयं को भी जानना उतना ही जरूरी है।

शहीद हेमू कालाणी एज्युकेशन सोसायटी के अध्यक्ष एवं मार्गदर्शक संत सिद्धभाऊजी ने कहा कि आपने माता-पिता की कुर्बानियों का आदर करने का संदेश



दिया। विद्यालय की प्राचार्य अमृता मोटवानी ने कहा कि विद्यालय परिवार छात्राओं के सर्वांगिण विकास के लिए संकल्पित है। समारोह की शुरुआत परंपरागत तरीके से हुई। विद्यालय के बैंड और एनसीसी टीम द्वारा अतिथियों का स्वागत किया। जिसके बाद छात्राओं द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना नृत्य ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ा दिया। समारोह में शास्त्रीय नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति के साथ-साथ, अंग्रेज़ी नाटक, कव्वाली, कथक और फ्लेमेंगो नृत्य जैसी विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। हिंदी नाटक 'युग यात्रा' माधव से मानव तक के माध्यम से छात्राओं ने समाज को प्रेरणादायक संदेश दिया। शास्त्रीय संगीत और पाश्चात्य संगीत के अद्भुत मिश्रण 'मंथन' में देखने को मिला। मंथन में विद्यालय की 550 छात्राओं ने प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की छात्राओं ने किया, जिसमें दिव्या अटनेरिया, जाह्नवी गुरबाणी, नैना गोस्वामी, वैष्णवी साहू, दिशिता खियानी, आस्था सिंह, हर्षिता कृपलानी एवं हिमांशी शेवानी शामिल रहीं। शहीद हेमू कालानी एजुकेशनल सोसाइटी के सचिव घनश्याम बूलचंदानी, सहसचिव के एल रामनानी, सेवासदन आई हॉस्पिटल के प्रबंधक ट्रस्टी ए सी साधवानी, एकेडमिक डायरेक्टर गोपाल गिरधानी, उप प्राचार्य रेखा केवलानी, बड़ी संख्या में विद्यालय की छात्राएं एवं उनके अभिभावक गण मौजूद थे।

# 'भगवान में रम कर पांच मिनट की भक्ति ही बहुत है'

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो। शिव महापुराण कथा के अंतिम दिवस पर कथा व्यास से मुकेशजी ने भगवान शिव और पार्वती के विवाह का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि आप सच्ची श्रद्धा और भक्ति भाव से भगवान की तरफ एक कदम बढ़ाते हो तो भगवान 10 कदम बढ़कर आपके तरफ दौड़े चले आते हैं। प्रभु नगर ईदगाह हिल्स कम्युनिटी हॉल में शिवपुराण कथा का आयोजन किया गया था। मुकेशजी ने कहा कि भगवान केवल सच्ची श्रद्धा और भाव के भूखे हैं उन्हें भक्तों से कुछ भी नहीं चाहिए भक्ति जब कोई भक्त निष्कपट और सच्ची भक्ति करता है तो भगवान उसे प्रत्यक्ष दर्शन भी दे देते हैं। मुकेशजी ने कहा कि यदि 5 घंटे की भक्ति करो और आपका मन भगवान में ना हो लेकिन आप 5 मिनट की भक्ति करो और आपका मन पूर्ण तरह से भगवान के चरणों में ही हो तो वह 5 मिनट की भक्ति 5 घंटे वाली भक्ति से कहीं ज्यादा श्रेष्ठ है इसीलिए जब भी भगवान की भक्ति करने बैठे तो सांसारिक विषयों को हटाकर ही भगवान की भक्ति करें। कथा में आयोजक राजेश सनमुखानी परिवार, मनीष गंगवानी भूवी गंगवानी, भूमिका शर्मा, गायत्री मेहरचंदनी, मोहन वाधवानी राधिका वाधवानी, पवन वाधवानी, उषा वाधवानी, पूर्व पार्षद भारती खटवानी, हीरो इसरानी अध्यक्ष हीरो फैंस क्लब भाजपा नेता श्री महेश खटवानी बजरंग सेना समिति के अध्यक्ष कमलेश देवानी राजकुमार धानुक हीरो फैंस क्लब के महासचिव नानक व बड़ी संख्या में भक्त जन शामिल हुए।

# भैरव जयंती मनाई, मंदिरों में हुए हवन ,पूजन और भंडारे



**इटारसी, दोपहर मेट्रो**

तांत्रिक देवता भगवान भैरवनाथ जी का जन्म दिवस शनिवार को भैरव जयंती के रूप में धूमधाम से श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर शहर में स्थित भैरव मंदिरों में हवन पूजन और आरती के पश्चात भंडारे हुए, मंदिरों में आकर्षक साज सज्जा और विद्युत सज्जा की गई थी।

नगर में भगवान काल भैरव जी की जयंती के पावन उपलक्ष में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। कृषि उपज मंडी के आगे नहर किनारे इटारसी नंदनपुर मारपीट स्थित भैरव नाथ के मंदिर पर सुबह हवन पूजन अभिषेक हुए तत्पश्चात कन्या भोज आयोजित किया गया इसके बाद भंडारा शुरू हुआ जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसादी ग्रहण की रात तक यहां पूजन अर्चन करने वालों की भारी भीड़ रही।

### पुड़ी लाइन स्थित मंदिर में हुआ हवन पूजन भंडारा

पुडी लाइन मैं स्थित प्राचीन भगवान काल भैरव के मंदिर में, जयंती के अवसर पर दोपहर में अभिषेक हवन एवं योजना की गई तत्पश्चात शाम 7.00 बजे से भंडारा शुरू हुआ जिसमे हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण की । दिनभर पूजार्चना करने वालों की भारी भीड़ लगी रही।

## उड़ीसा के संत बलिया बाबा का नगर आगमन 26 को



**नर्मदापुरम।** ओडिशा के महान संत और भगवान जगन्नाथ के अनन्य उपासक पद्मश्री बाबा बलिया महाराज 26 नवंबर को प्रातः 10 बजे सड़क मार्ग से नगर पधार रहे हैं। वे यहां ग्राम डोंगरवाड़ा में आयोजित जगन्नाथ मंदिर में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सम्मिलित होंगे। ज्ञात रहे कि भगवान की प्राण प्रतिष्ठा का समारोह 26 नवंबर से प्रारंभ होकर 1 दिसम्बर तक चलेगा। बलिया बाबा सड़क मार्ग से इटारसी होते हुए नगर में प्रवेश करेंगे। वे चक्कर रोड मालाखेड़ी, कालिका नगर, पुराना देहात थाना के सामने, मीनाक्षी चौराहा, एनएमवी के सामने से भोपाल चौराहा होते हुए डोंगरवाड़ा आश्रम पहुंचेंगे। इस दौरान स्थान स्थान पर भक्तों द्वारा गुरुजी की आगवानी और स्वागत किया जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान वे मंदिर में भक्तों को दर्शन एवं आशीर्वाद भी देंगे। समारोह की तैयारियां लगभग पूर्ण हो चुकी हैं। कार्यक्रम 26 नवंबर को ज्वारे रोपण के साथ शुरू होगा। जबकि 27 नवंबर को प्रातः 7 बजे से गांव में कलश यात्रा निकली जाएगी। 29 को नगर में रामजीबाबा मंदिर से भगवान की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

### भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता - 2023 के तहत लिया गया निर्णय

# नर्मदापुरम जिले की राजस्व सीमा में पराली जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध

- नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशों और पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से लिया गया निर्णय
- आदेश का उल्लंघन करने पर होगी कार्रवाई, अर्थदण्ड भी अधिरोपित किया जाएगा



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

जिले में बढ़ती पर्यावरणीय समस्याओं और किसानों द्वारा पराली जलाने से होने वाले नुकसान को देखते हुए अपर कलेक्टर ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जिले की संपूर्ण राजस्व सीमा में खेतों में पराली जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है।

यह निर्णय नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशों और पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से लिया गया है। पराली जलाने से होने वाले नुकसान के बारे में बताते हुए अपर कलेक्टर ने कहा कि इससे न केवल मिट्टी की उर्वरा शक्ति कम होती है बल्कि हानिकारक गैसों का उत्सर्जन भी होता है जो पर्यावरण को प्रदूषित करता है। इसके अलावा, पराली जलाने से अक्सर आग लगने की घटनाएं होती हैं जिससे जन-धन की हानि होती है।

अपर कलेक्टर ने किसानों को आश्वस्त किया कि पराली के निस्तारण के लिए कई वैकल्पिक तरीके उपलब्ध हैं। किसान रोटावेटर और अन्य उन्नत कृषि यंत्रों का उपयोग कर पराली का प्रबंधन कर सकते हैं। इसके अलावा, पराली का उपयोग खाद बनाने, बायोगैस उत्पादन और अन्य उपयोगी कार्यों में किया जा सकता है।

**आदेश का उल्लंघन करने पर होगी कार्रवाई** - आदेश के उल्लंघन करने पर मध्यप्रदेश शासन, नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण अधिनियम 1981) में निहित प्रावधानों के अंतर्गत अर्थदण्ड अधिरोपित किया जाएगा। जिला प्रशासन ने सभी किसानों, ग्रामीणों और अन्य संबंधित पक्षों से इस आदेश का पालन करने का आह्वान किया है। सभी से अपील की गई है कि वे पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें और पराली जलाने की प्रथा को त्याग दें।अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी नर्मदापुरम डी के सिंह ने निर्देशित किया है कि उक्त आदेश की सूचना समस्त नगरपालिका/नगर परिषद कार्यालय, समस्त अनुविभागीय दंडाधिकारी कार्यालय, समस्त तहसील कार्यालय, समस्त कृषि उपज मंडी समिति कार्यालय, समस्त पुलिस थाना, समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कार्यालय, जिला नर्मदापुरम के सूचना पटल एवं क्षेत्र के अन्य प्रमुख सहगोचर सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा कर प्रदर्शित की जावे।

साथ ही नर्मदापुरम जिले की सूपर्ण राजस्व सीमा क्षेत्र में मुनादी करवाई जाए। संबंधित क्षेत्र के कार्यपालिक दंडाधिकारी एवं पुलिस थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र का सतत भ्रमण कर उक्त व्यवस्था सुनिश्चित कराये।

## विधायक की उपस्थिति में बाल मेले का शुभारंभ



**नर्मदापुरम।** माखन नगर विकासखंड स्थित बेरशेबा हायर सेकेण्डरी गनेरा में बाल मेला का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सोहागपुर विधानसभा के विधायक विजय पाल सिंह सहित निखलेश चतुर्बेदी , सत्यनारायण पाराशर, मनीष चतुर्वेदी (मंडल अध्यक्ष) , गांव के सरपंच कृष्ण कुमार झा , विपिन यादव (आरी मंडल अध्यक्ष), अजय अग्रवाल , सुंदरलाल पाल ( पूर्व सरपंच ), लक्ष्मी नयारण यादव (उप सरपंच ), छोटे लाल यादव और आकाश गर्ग एवं स्कूल के संचालक शेखीना वर्गीश, स्कूल प्राचार्य दीपक मेहरा एवं शिक्षक , शिक्षिका गांव के समस्त नागरिक उपस्थित रहे। विधायक द्वारा रिबिन काट कर मेला का शुभारंभ किया। मेले में बच्चो के द्वारा फ़ूड स्टॉल एवं प्रदर्शनी लगाई ई गई।

## वॉलीबॉल स्पर्धा में भोपाल प्रथम बैतूल जिला दूसरे स्थान पर रहा



**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग की संभाग स्तरीय वालीबॉल पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन एन ई एस शिक्षा महाविद्यालय नर्मदापुरम में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ । प्रतियोगिता का शुभारंभ मध्य प्रदेश स्विमिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष पीयूष शर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। प्रतियोगिता में 7 जिलों की टीमें नर्मदापुरम, भोपाल,

**एनईएस कॉलेज में संभागीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता संपन्न**

विदिशा, रायसेन, सीहोर, बैतूल तथा राजगढ़ ने भाग लिया। फाइनल मैच जिला भोपाल एवं बैतूल जिले के मध्य खेला गया। जिसमें भोपाल जिला विजेता और बैतूल उपविजेता रहा.महाविद्यालय के संचालक अरुण शर्मा ने विजेता एवं उपविजेता को टॉफी प्रदान की ।

## एसडीएएम कॉलेज में फ्रेशर पार्टी आयोजित





**सिवनी मालवा , दोपहर मेट्रो**

शहर के एसडीएम महाविद्यालय में फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में जूनियर सीनियर छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी। प्राचार्य द्वारा बच्चों को मार्गदर्शन करने हेतु अपने विचार प्रस्तुत किए छात्र छात्राओं को जीवन में आगे बढ़ने के लिए समय का उपयोग एवं अनुशासन में रहकर कैसे आगे बढ़ा जा सकता है इसके बारे मे विस्तार से बताया।कार्यक्रम के समापन के दौरान छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र भेंट किए गए और परंपरा अनुसार मिस्टर फ्रेशर अर्पित हरियाले और मिस फ्रेशर आसमा खान को चुना गया मोस्ट एक्टिव स्टूडेंट दीप्ति रघुवंशी और चेतन रघुवंशी और परफेक्ट ड्रेस कोड के लिए मुस्कान राजपूत और वेदांत भारद्वाज को चुना गया कार्यक्रम में प्राचार्य राजेश कुशवाहा सहित सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## 'जैविक खेती के लिए आज जीवाणुओं की आवश्यकता'

### गांव-गांव में किया जा रहा है किसान संगोष्ठी का आयोजन




**सिवनी मालवा , दोपहर मेट्रो**

आधुनिक युग में किसान अपनी खेती में खड़ी फसलों में कीटो को नियंत्रण करने और उत्पादन बड़ाने के लिए विभिन्न कंपनी की दवाईयां उपयोग कर रहे हैं, अगर इस पद्धति को नही सुधरा गया तो 2040 तक देश की आबादी के 30त्न लोग कैंसर पीड़ित हो जाएंगे। शिवशक्ति वायो ग्रुप द्वारा गांव-गांव जाकर किसान संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है जिसमें ग्राम चौतलाय सिवनी मालवा में एक किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें कृषि अधिकारी विकास नागर ने किसान भाईयों को बताया जो कि अपनी परम्परागत खेती से भटक कर रसायनिक खाद एवं उर्वक की ओर चले गये है उसकी जानकारी दे कर बताया जा रहा है कि जैविक खेती में ही किसान भाईयों का भविष्य सुरक्षित है तथा कम कीमत में जीवाणु भूमि की संरचना को सुधारते है जैविक खाद एवं दवाईयों के प्रयोग से भूमि की उर्वक शक्ति बढती है और किसान मित्र कीटों एवं जीवाणुओं की संख्या बढती है जो कि भूमि के लिये अति आवश्यक है।

आज के बढते रासायनिक खाद एवं कीट नाशकों के प्रयोग से भूमि की स्थिति खराब होती जा रही है जमीन में कारवन की न्यूनतम मात्रा 0.9त्न आवश्यक होती है , मिट्टी के 31 हजार सैंपलों में से 29 हजार में कार्बन की मात्रा 0.6 - 0.7 आई है , रासायनिक खादों का प्रयोग करके फसलों पर तो दुष्प्रभाव पड ही रहा है साथ साथ मानव जीवन के लिये बहुत हानिकारक सावित हो रहा है रासायनिक खाद एवं कीटनाशकों के प्रयोग से भूमि के उपर एक कठोर परत जम गई है जिससे उसकी उपजाऊ क्षमता में कमी आ रही है। इस अभियान में निरंतर कार्य कर रहे विपिन तिवारी और एरिया कृषि मित्र विजय गहलोत कृषि अधिकारी सुनील मीणा किसानों को अवगत करा रहे है कि किसान बंधु कम लागत में अधिक पैदावार करके अपनी आर्थिक स्थिति तो सुधार ही सकते है इसके लिए जीवाणु का खेती मे महत्व बताकर साथ साथ भूमि की उपजाउ क्षमता को बढा कर अपनी अपनी मातृ भूमि की रक्षा कर के पर्यावरण प्रदूषण से बचा पायेगे।

संगोष्ठी में उपस्थित सभी किसान भाईयों ने जैविक खेती करने का संकल्प लेते हुए प्रतिवर्ष एक से दो एकड़ रकबा जैविक खेती का प्रतिवर्ष बढाने का वचन दिया है।

**मेट्रो एंकर**

### नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने किया स्थल का निरीक्षण, जल्दी ही शुरु होगा निर्माण कार्य

# रेस्ट हाउस के सामने 25 लाख की लागत से बनेगा 'एस्पिरेशनल टॉयलेट'

**इटारसी, दोपहर मेट्रो**

- बाजार आने वाले नागरिकों व व्यापारियों को मिलेगी लग्जरी सुविधा

नगरपालिका परिषद इटारसी जनता की सुविधा के लिए मुख्य बाजार क्षेत्र के रेस्ट हाउस के सामने ÷आकांक्षी शौचालय÷ (एस्पिरेशनल टॉयलेट) बनाने जा रही है। एस्पिरेशनल टॉयलेट में आलीशान स्नान कक्ष, यूरीनल, टॉयलेट के अलावा मातृ शक्ति की सुविधा के लिए सैनटरी पेड नैपकिन वेडिंग मशीन, इन्सिनरेटर अथवा सैनटरी पेड नैपकिन डिस्पोजल टैग रहेंगे। इसके अलावा हैंड ड्रायर की सुविधा, इसके साथ ही बच्चों के लिए कम ऊंचाई के टॉयलेट और यूनिरल में टचलेस फ्लशिंग की सुविधा होगी। उन्हें गूगल मैप्स पर भी चिह्नित किया जाएगा।

### नगरपालिका अध्यक्ष ने किया स्थल निरीक्षण

शनिवार को नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने नगरपालिका स्वच्छता प्रभारी उपयंत्री मयंक अरोरा के साथ एस्पिरेशनल टॉयलेट निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। यह रेस्ट हाउस के सामने पुराने पब्लिक टॉयलेट के स्थान पर बनेगा।

### 25 लाख रुपये आएगी लागत

नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत बनने वाले इस टॉयलेट की निर्माण लागत 25 लाख रुपये आएगी। इसका निर्माण भी जल्दी ही प्रारंभ होगा। जिसके लिए टेंडर निकाले जा चुके हैं और एजेंसी को कार्यआदेश भी दे दिए गए हैं।




जिस स्थान पर एस्पिरेशनल टॉयलेट बन रहा है, वहां बाजार लगा हुआ है। अभी जवाहर बाजार क्षेत्र में मौजूद टॉयलेट में काफी भीड रहती है। यह उससे कुछ ही दूरी पर गांधी मैदान के साइड में बन रहा है। इस टॉयलेट से व्यापारियों को तो लाभ मिलेगा ही, साथ ही हमारी मातृशक्ति के लिए भी यह सुविधाजनक व सुरक्षित होगा।

### ऐसा बनेगा एस्पिरेशनल टॉयलेट

शौचालय की टाइल्स और दीवार स्वच्छ, कम ऊंचाई की होगी। यहां जी प्लस वन का भवन बनेगा। जिसमें 5 सीट पुरुष व 5 सीट महिला टॉयलेट बनेंगे। यूरिनल, टॉयलेट, बाथरुम, चेंजिंग रुम, के अलावा महिलाओं के विशेष सुविधा रहेगी।

महिलाओं के लिए यहां सैनटरी पेड नैपकिन वेडिंग मशीन, इन्सिनरेटर अथवा सैनटरी पेड नैपकिन डिस्पोजल टैग रहेंगे। इसके अलावा हैंड ड्रायर की सुविधा और टचलेस फ्लशिंग की सुविधा होगी। इसके अलावा यहां प्रकाश की अच्छी व्यवस्था बाहर और अंदर की तरफ होगी।

**इनका कहना है**

> स्वच्छ भारत मिशन के तहत इटारसी में एक एस्पिरेशनल टॉयलेट बनने जा रहा है। बाजार आने वाले नागरिकों व व्यापारियों के लिए सुविधाजनक होगा। लागत 25 लाख रुपये आ रही है। डिजाइन बडे शॉपिंग मॉल में बनने वाले टॉयलेट जितनी अच्छी है। मातृशक्ति के लिए भी यहां सुविधाएं होंगी।
>
> -पंकज चौरे, अध्यक्ष, नपा इटारसी



# महाराष्ट्र में भाजपा की सरकार बनने पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जमकर जश्न, आतिशबाजी कर बांटी मिठाई

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

महाराष्ट्र राज्य में भारतीय जनता पार्टी की गठबंधन की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने पर नगर मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी चलाकर एवं मिठाई बांटकर बंपर जीत का जश्न मनाया।

शनिवार सुबह मतगणना के प्रारंभ होने बाद से ही महाराष्ट्र में बीजेपी की बढ़त दिखाई देने लगी थी जो दोपहर होते होते स्पष्ट जीत बंपर सीटों के साथ दर्ज हो गई। इसके बाद शाम चार बजे भाजपा कार्यकर्ता नवीन बस स्टैंड पर एकत्रित हुए और भाजपा के पक्ष में जोरदार नारेबाजी करते हुए आतिशबाजी की। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशियां व्यक्त की। इस अवसर पर भाजपा के नेता रमेश यादव ने कार्यकर्ताओं एवं जनता जनार्दन को बधाई देते हुए कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,भाजपा के हमारे नेता देवेंद्र फडणवीस तथा सहयोगी पार्टी के नेता एकनाथ शिंदे की जीत है महाराष्ट्र की जनता ने जातिगत भेदभाव से ऊपर उठकर विकास के लिए भाजपा गठबंधन को अपना बहुमत प्रदान किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारे लोकप्रिय विधायक के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता कदम से कदम मिलाकर देश को ऊंचाइयों पर पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष पारस तारण, हरीबाबू भार्गव, संतोष चौरे, नपाध्यक्ष मनमोहन साहू, मनोज शर्मा, जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष शिवकुमार भार्गव, रमेष यादव, सुमंत मित्तल, पार्षद सचिन शर्मा, धर्मेंद्र जैन, राजू रिछारिया, नरेन्द्र पाटीदार, राकेष पालीवाल, आदि के साथ भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## कलेक्टर ने शैक्षणिक गतिविधियों और निर्माण कार्यों की समीक्षा की

# अनावश्यक विलम्ब करने वालों का वेतन असंचारी प्रभाव से रोकने के दिए निर्देश





**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने आज सम्रग शिक्षा अभियान तहत संचालित किए जा रहे निपुण भारत अभियानष् की जिला परियोजना प्रबंधन इकाई की मासिक समीक्षा डाइट के सभागार में की।

उन्होंने निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान पिछले कई वर्षों से अनावश्यक रूप से लंबित रखने के कारणों को जाना कलेक्टर श्री सिंह ने डीपीसी को निर्देशित किया है कि ऐसे सभी शिक्षकों व तकनीकी कार्य को संपादित कराने वालों की वर्ष वार गणना कर उतने वषों की वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने की कार्यवाही संपादित करने हेतु प्रक्रिया प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने एक माह में सभी शौचालयों का तथा बीस फरवरी तक प्रगति रथ सभी शाला भवनों के निर्माण कार्य पूर्ण कराने की समयावधि तय की है वहीं अप्रारंभ कार्यों को शीघ्र शुरू कराने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने यूडाइस कार्य 30 नवंबर तक पूर्ण कराने की म हिदायत देते हुए कार्यों को पूर्ण नवी करने वाले बीईसी का वेतन रोकने के निर्देश दिए हैं। उक्त बैठक में जिला पंचायत सीईओ, डीपीसी, सभी बीईओ, बीआरसी, बीएसपी, एपीसी एवं डाइट के अन्य नोडल अधिकारी मौजूद रहे।

## सीएम राइज स्कूल में बोर्ड परीक्षार्थियों की हौंसला अफजाई की





**सिरोंज।** विदिशा, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने शनिवार को विदिशा जिला मुख्यालय के सीएम राइज स्कूल में अचानक पहुंच कर शैक्षणिक कार्यो का जायजा लिया है। शिक्षको की उपस्थिति पंजी का निरीक्षण किया समय पर तीन शिक्षको द्वारा पंजी पर हस्ताक्षर नहीं करने पर उन्होंने कारण बताओ पत्र जारी करने के निर्देश प्रभारी प्राचार्य श्री बलराम चौधरी को दिए हैं। कलेक्टर श्री सिंह ने बोर्ड परीक्षार्थियों को अब फिल्ड विजिट पर नहीं भेजने के निर्देश दिए हैं। गौरतलब हो कि शनिवार को 12वी कक्षा के छात्र छात्राएं को भोपाल फिल्ड विजिट पर भेजा गया है। कलेक्टर श्री सिंह ने दसवीं बोर्ड के परीक्षार्थियों को संबोधित करते हुए उनका हौसला अफजाई किया है। उन्होंने कहा कि परीक्षा के निर्देशों को पहले पढ़ें फिर जिन प्रश्नों के उत्तर अच्छी तरह से आते है उनको प्राथमिकता के आधार पर हल करें। उन्होंने पिछले चार-पांच साल के पेपर जरूर हल करने की समझाइश देते हुए समय-सीमा पर भी अभ्यास के दौरान ध्यान देने तथा लिखावट स्वच्छ स्पष्ट पठनीय हो इसके अलावा परीक्षा में पास होने के लिए अन्य किन बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए कार्य करे को सहज तरीकों से सांझा किया है। कलेक्टर श्री सिंह ने बच्चों से संवाद के दौरान उन्होंने को तकलीफ तो नहीं है को जाना और सभी परीक्षार्थी सफल हो की शुभकामनाएं अभिव्यक्त की है।

# कलेक्टर और एसपी ने मेडिकल स्टोर्स का औचक निरीक्षण किया



**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

**मेडिकल स्टोर पर प्रतिबंधित दवा विक्रय के लिए पाए जाने पर पंचनामा बनाकर आगामी कार्रवाई के निर्देश**

विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने आज विदिशा शहर में संचालित मेडिकल स्टोर्स का औचक निरीक्षण किया।

विदिशा नगर के पुरानी जिला चिकित्सालय के समीप संचालित हो रहे मेडिकल स्टोर्स का औचक निरीक्षण के दौरान बालाजी मेडिकल स्टोर में प्रतिबंधात्मक दवाए पाए जाने पर मौके पर ही पंचनामा बनाया गया है आगामी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेश तिवारी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान बालाजी मेडिकल स्टोर में प्रतिबंधित दवाएं कॉडिलेक्स-टी (100 एम एल) दवा विक्रय हेतु राखी पाई गई। मेडिकल संचालक से उक्त प्रतिबंधित दवा के संबंध में खरीदी के बिल, वाउचर एवं चिकित्सक द्वारा जारी दवा का प्रेस्क्रिप्शन चाहा गया। दुकान संचालक द्वारा जांच के दौरान उक्त दवा खरीदी के बिल, प्रेस्क्रिप्शन, स्टॉक पंजी उपलब्ध नहीं कराई गई है। चूंकि उक्त दवा प्रतिबंधित है एवं चिकित्सक के प्रेस्क्रिप्शन के आधार पर ही क्रय की जा सकती है। इस आधार पर ड्रग इंस्पेक्टर के द्वारा मौके पर ही पंचनामा बने जाकर आगामी कार्यवाही की जा रही है। निरीक्षण के दौरान विदिशा एसडीएम श्री क्षितिज शर्मा के अलावा अन्य चिकित्सक साथ मौजूद रहे।

## बृजमोहन हायर सेकेंडरी स्कूल में, आज से लगेगा बाल मेला

**सिरोंज।** पालीवाल कॉलोनी में स्थित ब्रज मेमोरियल हायर सेकेंड्री स्कूल में आज से बाल मेला महोत्सव प्रारंभ होग । स्कूल के संचालक पंडित प्रशांत पालीवाल ने बताया कि यहां पर बच्चों के लिए विशेष तरह की दुकानें लगाई जाएंगी यहां पर खाने पीने से लेकर मनोरंजन की सामग्री उपलब्ध होगी बच्चों के द्वारा इनको तैयार किया जाएगा बाल मेला सुबह 9 से प्रारंभ होगा उन्होंने सभी को बाल मेले में आने के लिएं आमंत्रित किया है।

# प्रशासन से कई बार शिकायत करने के बाद भी किसान की भूमि का नहीं हो पा रहा है सीमांकन

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**



सिरोंज की ग्राम पंचायत नरखेड़ा जागीर के ग्राम सेमरा के किसान लक्ष्मण सिंह लोधी द्वारा अपनी कृषि भूमि का सीमांकन कराने के लिए स्थानीय प्रशासन से लेकर जिला प्रशासन तक कई बार आवेदन पत्र दिए जा चुके हैं फिर भी उनकी कृषि भूमि का सीमांकन नहीं कराया जा रहा है वही आवेदन करता द्वारा सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज की गई है परंतु आज तक कोई निराकरण हुआ किसान का कहना है कि लगातार 6 महीने से स्थानीय स्तर से लेकर जिला प्रशासन तक और सीएम हेल्पलाइन तक शिकायत की जा चुकी हैं तथा सीमांकन के लिए कई बार आदेश भी हो चुके हैं फिर भी सीमांकन नहीं कराया जा रहा है किसान का आरोप है की पटवारी ने हमसे 5 हजार रुपए ले लिए फिर भी सीमांकन नहीं कर रहे हैं और इस संबंध में हमारे द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय में शिकायत भी की गई है उसका भी आज तक कोई निराकरण नहीं किया गया। इस संबंध में जब हमारे द्वारा हल्का पटवारी विनोद विश्वकर्मा और तहसीलदार संजय चौरसिया से जानकारी लेना चाहिए तो उनके द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया अब देखना यह है कि इस बुजुर्ग किसान को कब तक न्याय मिलता है या फिर इसी तरह स्थानीय स्तर से लेकर जिला प्रशासन तक यूं ही चक्कर काटता फिरता रहेगा।

# हाईस्कूल पिपलिया हाट में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन, विजेताओं को बांटे पुरस्कार

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**



शनिवार को पिपलिया हट स्कूल में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें छात्र छात्राओं ने बहुत ही रोचक तथ्यों के साथ निबंध लिखा ,जिसमे अभियान के बारे में पेड़ों के लाभ और पेड़ो का महत्व और उपयोग लिखे कुछ स्लोगन इस तरह से लिखे मां का प्यार और एक पेड़ की छांव,दोनो जीवन भर का साथ !

धरती को हरा - भरा बनाना है, मां के नाम एक पेड़ लगाना है! कार्यक्रम प्रभारी समाजसेवी रामबाबू कुशवाह ने बताया की एक पेड़ मां के नाम अभियान पर छात्र छात्राओं से निबंध प्रतियोगिता करवाई गई जिसमें से प्रथम स्थान कु वंदना कुशवाह कक्षा 10 वी और दूसरा स्थान सत्यम सेन कक्षा 10 वी और तृतीय स्थान पियूष सेन कक्षा 9 वी ने प्राप्त किया। तीनों छात्र छात्राओं को सील्ड से सम्मानित किया गया। आयोजित इस कार्यक्रम से पेड़ो के प्रति छात्र छात्राओं में जागरुकता आएगी , और इतना ही नहीं पेड़ लगाने के साथ साथ उनका संरक्षण करना भी जरूरी है।

**मेट्रो एंकर** कलेक्टर ने उन्नत ग्राम अभियान के नोडल अधिकारी नियुक्त किए

# अफसरों ने आवंटित धरती आबा ग्रामों का भ्रमण किया

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**



विदिशा कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने जिले में धरती आबा जनजातिय उन्नत ग्राम अभियान के अंतर्गत चिंहित 86 ग्रामों के लिए एक एक नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं। शनिवार को नोडल अधिकारियों ने आबंटित ग्रामों में पहुंचकर अभियान तहत व्यक्तिगत व सार्वजनिक क्रियान्वित कार्य व शासकीय योजनाओं - कार्यक्रमों से लाभान्वित कराने के लिए निर्धारित मापदंडों के अनुरुप कार्यो की शुरुआत कराई है। अधिकारियों द्वारा भ्रमण के दौरान स्थानीय रहवासी खासकर जनजाति वर्ग के नागरिकों के उत्थान हेतु संचालित कार्यक्रमों की जानकारियों को सांझा किया किया गया है। अधिकारियों द्वारा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान तहत संकलन के लिए जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित प्रारूप में जानकारी दर्ज कराने के कार्य भी शुरू कराया गया हैं।

# पशुओं को भरकर ले जा रहा ट्रक का मालिक पुलिस गिरफ्त से दूर

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**




सिरोंज। दीपनाखेड़ा पुलिस ने पिछले दिनों ग्राम प्यार खेड़ी में रात के अंधेरे में 52 पशुओं को भरकर ले जाने की तैयारियां करते हुए 52 पशु को मुक्त करवाकर तीन लोगों को मौके से गिरफ्तार भी कर लिया था पर ट्रक मालिक और चालक अभी पुलिस की पहुंच से दूर है ।

जिस वजह से कई तरह की चर्चाएं भी चल रही है कि पुलिस अभी तक पशु भरकर ले जाने चालक तथा मालिक को भी गिरफ्तार नहीं कर पाई है। इस वजह से चर्चाओं का दौर प्रारंभ हो गया है कई तरह की चर्चाएं हो रही है। दीपना खेड़ा थाना प्रभारी अनुज प्रताप सिंह ने बताया की विवेचना चल रही है बाकी आरोपियों लिए को पकड़ने के लिए जल्दी ही टीम बनाकर हम अपनी कार्रवाई को अंजाम देंगे किसी को नहीं छोड़ेंगे।




# जीवन को बनाएं अर्थपूर्ण

व न की भागदौड़ में इसमें कोई दोराय नहीं कि ज्यादातर लोग दयालुता को छोड़ते जा रहे हैं और फिर यह शिकायत करते हैं कि जिंदगी में बड़ा अकेलापन है। तरक्की के पायदान चढ़ते हम जीवन को वास्तव में जीवन बनातीं लगभग सभी चीजों और गुणों से दूर होते जा रहे हैं। दयालुता (काइंडनेस) की ही बात करें, यह एक शक्तिशाली गुण है जो हमारे जीवन को और सुंदर बनाती है। काइंडनेस न केवल एक गुण है, बल्कि एक जीवनशैली है, जो न केवल रिश्तों बल्कि समाज में शांति, समझ और सकारात्मकता को बढ़ावा देती है। यदि हम अपने रिश्तों के प्रति दयालु रहते हैं, तो घर-परिवार और आसपास एक बेहतर और ज्यादा संतोषजनक माहौल बना सकते हैं। यह एक ऐसा गुण है, जो हमारे संबंधों में गहराई व स्थिरता लाता है तो फिर हो जाएं थोड़े व ज्यादा काइंड...।

## दयालु लोग अधिक स्वीकार्य और प्रिय

*दयालुता के माध्यम से हम लोगों के साथ सहानुभूति और समझ का भाव बना सकते हैं, जिससे समाज में एकजुटता और सहयोग बढ़ता है। दयालु लोग अधिक स्वीकार्य और प्रिय माने जाते हैं। जब हम किसी की सहायता करते हैं, तो इससे हमारे मन को खुशी और संतोष मिलता है। दयालुता विश्वास बढ़ाती है। जब हम किसी के प्रति दयालु होते हैं, तो हम उनके प्रति अपना विश्वास जताते हैं और उनको यह अहसास कराते हैं कि हम उनकी परवाह करते हैं। दयालुता संबंधों को प्रगाढ़ करती है।*

## चेन रिएक्शन की तरह

दयालुता एक चेन रिएक्शन की तरह होती है। जब हम किसी के प्रति दयालु होते हैं, तो वह व्यक्ति भी जाने-अनजाने दूसरों के साथ उसी तरह का व्यवहार करने के लिए प्रेरित होता है। इससे एक सकारात्मक प्रभाव पैदा होता है, जो कि एक अच्छे सामाजिक जीवन के लिए जरूरी है। दयालुता न केवल दूसरे व्यक्ति की खुशी बढ़ाती है, बल्कि हमारी खुशी भी बढ़ाती है।

## सकारात्मक संबंध और एकता

यह न केवल दूसरों को कठिन समय से उबरने में मदद करती है, बल्कि स्वयं को भी मानसिक और भावनात्मक रूप से शुद्ध बनाती है। दयालुता से संबंधों में सकारात्मकता बढ़ती है और समुदाय में एकता को भी बढ़ावा मिलता है। जिससे हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर सीधे तौर पर प्रभाव पड़ता है।

### आईपीएल मेगा ऑक्शन का आज पहला दिन

# 204 स्लॉट्स पर 577 प्लेयर बिकेंगे राहुल-पंत पर लग सकती है बड़ी बोली

**नईदिल्ली. एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 18वें सीजन से पहले आज और कल मेगा ऑक्शन होगा। सऊदी अरब के जेद्दा में इंडियन टाइमिंग के अनुसार दोपहर में नीलामी की शुरुआत होगी। घरेलू और इंटरनेशनल क्रिकेट के 574 प्लेयर्स पर आईपीएल की 10 फ्रेंचाइजी टीमें बोली लगाएंगी। टीमों के पास कुल 204 प्लेयर्स के लिए जगह खाली हैं। प्लेयर्स रिटेंनशन के बाद 10 टीमों में पंजाब किंग्स के पर्स में सबसे ज्यादा पैसे बचे हैं। बीसीसीआई मेगा ऑक्शन को ग्लोबल इवेंट बनाने के लिए पिछले कुछ सालों से इसे विदेश में होस्ट करने की कोशिश कर रहा है। पिछला ऑक्शन भी दुबई में था। उससे पहले सभी नीलामी भारत में ही हुई। मेगा ऑक्शन 3 साल में एक बार होता है, पिछला ऑक्शन 2022 आईपीएल से पहले हुआ था। मेगा ऑक्शन में टीमें बहुत कम खिलाड़ी रिटेन कर सकती हैं। इस बार 6 खिलाड़ियों को रिटेन करने की लिमिट थी।




आईपीएल की सभी 10 फ्रेंचाइजी अपनी मैनेजमेंट टीम के साथ ऑक्शन में शिरकत करेंगी। मेगा ऑक्शन में शामिल होने के लिए 1574 प्लेयर्स ने रजिस्ट्रेशन कराया था। जिनमें से 577 प्लेयर्स शॉर्टलिस्ट हुए, जिन्हें खरीदने में टीमों ने इंटरेस्ट दिखाया। इनमें 367 भारतीय और 210 विदेशी प्लेयर्स हैं। इनमें 4 खिलाड़ी एसोसिएट देशों के हैं। 331 खिलाड़ी अनकैप्ड हैं, जिनमें भारत के 319 और विदेश के 12 हैं। आईपीएल कमेटी ने टीमों को 120 करोड़ रुपए की पर्स लिमिट दी है। यानी टीमें अपने 18 से 25 खिलाड़ियों को खरीदने के लिए इतने पैसे खर्च कर सकती हैं। इतने पैसों में टीम को अपने टॉप खिलाड़ियों को रिटेन भी करना था। रिटेंशन खत्म होने के बाद पंजाब किंग्स के पास सबसे ज्यादा 110.50 करोड़ रुपए बाकी हैं। जिन टीमों ने ज्यादा खिलाड़ी रिटेन किए, उनके पर्स में रकम भी कम बची है। पंजाब में ही सबसे ज्यादा 23 खिलाड़ियों की जगह भी खाली है। उनके बाद बेंगलुरु में 22 और दिल्ली में 21 प्लेयर्स की जगह भरी जाएगी। राजस्थान के पास सबसे कम 41 करोड़ रुपए बचे हैं और टीम में 19 प्लेयर्स की ही जगह खाली है।

# भारत की बढ़त 400 पार

## पर्थ टेस्टः पंत-जुरेल पवेलियन लौटे, जायसवाल ने 161 रन बनाए



**पर्थ एजेंसी**

भारत ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया पर 405 रन की बढ़त बना ली है। रविवार को मुकाबले का तीसरा दिन है। तीसरे सेशन में भारतीय टीम ने अपनी दूसरी पारी में 5 विकेट पर 359 रन बनाए हैं। विराट कोहली और वॉशिंगटन सुंदर नाबाद हैं। ध्रुव जुरेल को पैट कमिंस और ऋषभ पंत को नाथन लायन ने पवेलियन भेजा। दोनों एक-एक रन बनाकर आउट हुए।

यशस्वी जायसवाल 161 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें मिचेल मार्श ने स्टीव स्मिथ के हाथों कैच कराया। जायसवाल ने ऑस्ट्रेलिया में अपने पहले मैच में शतक जमाया। वे ऐसा करने वाले तीसरे भारतीय बने हैं। उनसे पहले सुनील गावस्कर (1977) और एस जयसिम्हा (1968) ने यह कारनामा कर चुके हैं। देवदत्त पडिक्कल (25 रन) को जोश हेजलवुड, केएल राहुल (77 रन) को मिचेल स्टार्क ने पवेलियन भेजा। टीम इंडिया ने सुबह 172 रन के स्कोर से खेलना शुरू किया। जायसवाल ने 90 और केएल राहुल ने 62 रन से अपनी-अपनी पारी को आगे बढ़ाया। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया पहली पारी में 104 रन पर ऑलआउट हो गई थी। इस तरह भारत को पहली पारी के बाद 46 रन की बढ़त मिली थी। भारतीय टीम ने पहली पारी में 150 रन बनाए थे। कंगारू गेंदबाजों ने तीसरे दिन के दूसरे सेशन में वापसी की। इस सेशन में भारतीय टीम ने 84 रन बनाने में 3 विकेट गंवा दिए। टीम ने 405 रन की बढ़त हासिल कर ली। भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया पर 400 से ज्यादा रनों की बढ़त हासिल कर ली है। 107वें ओवर में विराट कोहली ने हेजलवुड की बॉल पर तीन रन लेकर बढ़त को 400 पार पहुंचाया।

# लगातार तीसरी जीत दर्ज कर सिनर सेमीफाइनल में

**तुरिन. एजेंसी**

शीर्ष वरीयता प्राप्त इटली के जेनिक सिनर ने घरेलू दर्शकों के सामने शानदार प्रदर्शन करते हुए एटीपी वर्ल्ड टूर फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। सिनर ने लिली नास्ताते ग्रुप में अपने तीनों मैच जीते। सिनर ने अंतिम ग्रुप मैच में रूस के डेनियल मेदवेदेव को 6-3, 6-4 से हराया। इससे पहले टेलर फ्रिट्ज ने एलेक्स डी मिनौर को 5-7, 6-4, 6-3 से मात दी।

**एटीपी फाइनल्स**
**डेनियल मेदवेदेव को हराया**



# टी-20: विंडीज हारा, इंग्लैंड ने किया सीरीज पर कब्जा

**ग्रोस आइलेट.** तेज गेंदबाज साकिब महमूद (17 पर 3 विकेट) के शानदार प्रदर्शन से इंग्लैंड ने तीसरे टी-20 में वेस्टइंडीज को तीन विकेट से हराकर सीरीज में 3-0 से अजेय बढ़त बना ली। 146 रन का लक्ष्य इंग्लैंड ने चार गेंद शेष रहते हासिल कर लिया। सैम करेन (41) ने विल जैक्स (32) के साथ 38 और लियाम लिविंगस्टोन (39) के साथ 39 रन की साझेदारी की।

# टेनिसः स्लोवाकिया ने अमरीका को हराया

**मालागा (स्पेन). एजेंसी**


एशलिन क्रूगर और टेलर टाउनसेंड निर्णायक युगल मैच हार गईं और स्लोवाकिया ने इस जीत के साथ बिली जीन किंग्स कप टेनिस फाइनल्स में अमरीका को मात दी। क्रूगर और टेलर को टेरेजा मिहालिकोवा और विक्टोरिया एच ने 6-3, 3-6, 10-8 से हराया। इससे पहले टाउनसेंड ने एकल में रेनाटा जैमरिचोवा को 7-5, 6-4 से हराया, लेकिन रेबेका स्रेमकोवा ने डेनियेले कोलिंगस को 6-2, 7-5 से हराकर स्कोर बराबर कर दिया था।



**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

# उधार के उपकरणों से शूट हुई है अमिताभ बच्चन की 'चीनी कम'

आर बाल्की ने कई बेहतरीन फिल्में बनाई हैं। उन्होंने हाल में ही अपनी एक शानदार फिल्म 'चीनी कम' का जिक्र करते हुए बताया कि इस फिल्म की शूटिंग उधार के उपकरणों से हुई थी। उन्होंने कहा कि इस फिल्म का बजट काफी कम था और तब उन्हें अर्थशास्त्र की समझ भी नहीं थी। आर बाल्की ने हिंदी फिल्मों के मशहूर निर्देशक हैं और उन्होंने कई शानदार फिल्में बनाई हैं। उनकी फिल्मों में साल 2007 में रिलीज हुई अमिताभ बच्चन और तब्बू अभिनीत 'चीनी कम' बेहद खास है। उनकी ये फिल्म फैंस के दिलों में बेहद खास जगह रखती है। ये फिल्म एक अधेड उम्र के रेस्तरां मालिक-सह-शेफ की कहानी बताती है, जो एक बहुत छोटी उम्र की महिला के प्यार में पड़ जाता है। इस फिल्म को लेकर आर बाल्की ने खुलासा करते हुए बताया है कि इस फिल्म की शूटिंग निखिल आडवाणी की सलमान खान अभिनीत फिल्म 'सलाम-ए-इश्क' के सेट से उपकरण उधार लेकर की गई थी। चीनी कम और सलाम-ए-इश्क को एक ही निर्माता द्वारा बनाया जा रहा था। चीनी कम के मुकाबले सलाम-ए-इश्क में कई सितारों का जमावड़ा था। हालांकि, इस फिल्म के मुकाबले चीनी कम ने काफी ज्यादा मुनाफा कमाया था।



# शादी के बंधन में बंधने वाली हैं कीर्ति!

जिन अभिनेत्रियों की शादी नहीं हुई होती, उनके बारे में बार-बार खबर आती है कि वह किसी के साथ रिलेशनशिप में हैं और जल्द ही शादी भी करने वाली हैं। हाल ही में साउथ की अभिनेत्री कीर्ति सुरेश की शादी की अफवाह भी उड़ी है। कितनी सच्चाई है इस बात में, जानिए। कीर्ति सुरेश तमिल, तेलुगू और मलयालम फिल्मों में अभिनय करती हैं। उन्होंने कई नामी साउथ स्टार्स के साथ फिल्मों में काम किया है। कीर्ति अपनी फिल्मों के अलावा अपने निजी जीवन को लेकर भी चर्चा में रहती हैं। उनके अफेयर्स के बारे में फैंस के बीच चर्चा होती रहती है, लेकिन कीर्ति कभी खुलकर इस बारे में बात नहीं करती हैं। हाल ही में सुनने में आया है कि वह साल के आखिरी में शादी करने वाली हैं। अगर सोशल मीडिया और साउथ इंडस्ट्री के गलियारों में चल रही एक खबर पर यकीन करें, तो कीर्ति इस साल के अंत तक शादी करने वाली हैं। सुनने में आया है कि वह अरेंज मैरीज कर रही हैं। यह शादी गोवा में होने वाली है। माना जा रहा है कि कीर्ति के माता-पिता ने उनका यह रिश्ता तय किया है। कीर्ति का होना वाला जीवनसाथी उनके ही रिश्तेदारी में है। वह दोनों पहले से एक-दूसरे को जानते हैं। वैसे अब तक शादी की खबर के बारे में कीर्ति की तरफ से कोई पुष्टि नहीं की गई है। कुछ समय पहले भी कीर्ति की शादी को लेकर सोशल मीडिया पर अफवाह उड़ी, लेकिन तब परिवार वालों ने इस बात से इंकार कर दिया। दरअसल, कुछ साल पहले ऐसा सुनने में आया था कि कीर्ति, केरल के एक पॉलिटिशियन से शादी करने वाली हैं। इसके अलावा संगीतकार अनिरुद्ध रविचंदर के साथ भी उनका नाम जोड़ा गया।



### माधुरी ने साझा किया नब्बे के दशक का किस्सा, कहा

# फिल्म 'पुकार' में श्रीदेवी और मैं एक सेट पर होकर भी कम ही बातें करते थे...

*माधुरी दीक्षित नब्बे के दशक में बहुत ही प्रसिद्धि अभिनेत्री रहीं। इसी दौरान उनकी और श्रीदेवी की राइवलरी की अफवाह भी उड़ती थी। हाल ही में माधुरी ने श्रीदेवी के बारे में ऐसी बातें कहीं जिससे साफ हो गया कि उनके बीच राइवलरी थी या नहीं...*

श्रीदेवी और माधुरी दीक्षित नब्बे के दशक की ऐसी अभिनेत्रियां रहीं, जिनके नाम पर फिल्में हिट हो जाया करती थीं। दोनों की अपनी अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग रही। उस समय इन दोनों के बीच की राइवलरी की बात भी खूब सुनने को मिलती रही। अब इस बारे में माधुरी ने खुलकर बात की है। साथ ही उन्होंने श्रीदेवी के प्रति अपना प्यार और सम्मान भी जाहिर किया।

**माधुरी ने की श्रीदेवी की तारीफ** : हाल ही में माधुरी दीक्षित ने एक इंटरव्यू में दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी की खूब तारीफ की। माधुरी ने कहा, मैं और श्रीदेवी एक दूसरे का बहुत सम्मान करते रहे। मैं तो बतौर कलाकार उनकी बहुत इज्जत करती हूं। उन्होंने कई भाषाओं में काम किया, साथ ही हर भाषा की फिल्मों में श्रीदेवी जी को सफलता मिली। वह मेरे प्रति बहुत ही अच्छा रवैया रखती थीं।

## कभी बात करने का मौका नहीं मिला

माधुरी ने श्रीदेवी और बोनी कपूर की बतौर निर्माता एक फिल्म पुकार की थी। इसमें वह मुख्य भूमिका में नजर आईं। इस फिल्म और श्रीदेवी से अपने रिश्ते के बारे में माधुरी कहती हैं कि फिल्म के सेट पर वह अपने रोल पर ध्यान देती थी, वहीं श्रीदेवी जी प्रोडक्शन का काम संभालतीं। ऐसे में इन दोनों को साथ बैठकर बात करने का मौका कम ही मिला। माधुरी बताती हैं, हमें फिल्म की शूटिंग के दौरान ज्यादा बात करने का मौका नहीं मिला। इस फिल्म के बाद माधुरी अमेरिका चली गईं, क्योंकि उनकी डॉक्टर राम नेने से शादी हो गई थी।

दिवाली पर माधुरी दीक्षित फिल्म 'भूल भुलैया 3' में नजर आईं। इस फिल्म में उनके दमदार अभिनय को काफी पसंद किया गया। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छी कमाई की है। हाल ही में एक खबर और आई है कि माधुरी दीक्षित फिल्म 'धमाल 4' में भी नजर आ सकती हैं।



*नीना गुप्ता लगभग तीन दशक से ज्यादा समय से हिंदी फिल्म इंडस्ट्री का हिस्सा हैं। नीना हाल ही में वेब सीरीज 'पंचायत' के तीसरे सीजन 'पंचायत 3' में नजर आईं। इसी बीच अभिनेत्री ने क्रिस्टोफर नोलन के निर्देशन में बनी साल 2020 की हॉलीवुड फिल्म 'टेनेट' को लेकर बड़ा खुलासा किया है। नीना ने साझा किया कि उन्होंने फिल्म के लिए ऑडिशन दिया था। हालांकि, इस रोल के लिए उन्हें रिजेक्ट कर दिया गया और यह भूमिका डिंपल कपाड़िया को मिल गई। 2020 की हॉलीवुड फिल्म 'टेनेट' में डिंपल कपाड़िया ने मुंबई के एक हथियार डीलर की पत्नी प्रिया का किरदार निभाया था। हालांकि, नीना गुप्ता ने भी इस भूमिका के लिए ऑडिशन दिया था, लेकिन उन्हें अस्वीकार कर दिया गया। एक बातचीत में, नीना गुप्ता ने भूमिका ऑडिशन के लिए लॉस एंजिल्स तक की उड़ान को याद किया।*

# 'टेनेट' में बिना ऑडिशन चुन ली गई डिंपल कपाड़िया, तमाम कोशिशों के बाद भी फेल रहीं नीना गुप्ता



*नीना गुप्ता ने क्रिस्टोफर नोलन के निर्देशन में बनी साल 2020 की हॉलीवुड फिल्म 'टेनट' के लिए ऑडिशन दिया था। हालांकि, उन्हें भूमिका नहीं मिली और यह डिंपल कपाड़िया की झोली में चली गई...*

***भूमिका न मिलने पर व्यक्त की निराशा:*** *नीना गुप्ता ने हाल ही में 'टेनेट' में भूमिका न मिलने पर निराशा व्यक्त की, उन्होंने खुलासा किया कि डिंपल कपाड़िया ने एलए में निर्देशक क्रिस्टोफर नोलन से मिले बिना यह भूमिका हासिल कर ली। नीना गुप्ता ने खुलासा किया, मैं एनएसडी से थी और एक अच्छी अभिनेत्री भी। मैं बहुत नई थी और मैंने सोचा था कि अगर मैं हिंदी फिल्म में एक भूमिका करूंगी तो मेरे पास प्रस्तावों की बाढ़ आ जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसलिए मुझे युवा अभिनेताओं से जलन होती है। नीना गुप्ता ने कहा, मैं उन सभी अद्भुत भूमिकाओं के बारे में सोचता रहती हूं जो मुझे निभाने को मिलती अगर मैंने इस बिंदु पर अपना करियर शुरू किया होता।*

### 4 वारदातों का खुलासा, पुलिस ने सवा 5 लाख रुपए का माल किया बरामद

# एसी कोच में रिजर्वेशन कराकर ट्रेनों में करते थे चोरी, दो कुख्यात बदमाश गिरफ्तार

भोपाल, दोपहर मेट्रो

चलती ट्रेनों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले 2 कुख्यात बदमाशों को जीआरपी रानी कमलापति ने गिरफ्तार किया है। आरोपी दिल्ली के रहने वाले हैं और एसी कोच में रिजर्वेशन कराने के बाद ट्रेन में सोते हुए यात्रियों का सामान चोरी कर रास्ते में उतर जाते थे। प्रारंभिक पूछताछ में बदमाशों से 4 वारदातों का खुलासा हुआ है। उनके पास से सवा पांच लाख रुपए का माल बरामद किया गया। जीआरपी ने बताया कि चलती ट्रेनों में यात्रियों के बैग, पर्स और मोबाइल चोरी होने की घटनाओं को देखते हुए एसपी रेल राहुल कुमार लोढ़ा ने टीम बनाकर चोरों की धरपकड़ के निर्देश दिए। जीआरपी रानी कमलापति की टीम द्वारा रेलवे स्टेशन परिसर और चलती ट्रेनों में सघन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी बीच रेलवे स्टेशन पर दो संदेही युवक बैठे हुए दिखाई दिए जो दिल्ली जाने वाली ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपने नाम राहुल कुमार जाटव पुत्र सुरेश कुमार जाटव ( 40 ) और मुहम्मद शानू पुत्र मुहम्मद तैयब ( 39 ) दोनों निवासी उस्मानपुर जिला उत्तर पूर्व दिल्ली बताया। सवा पांच लाख रुपये के जेवरात बरामद थाने लाकर दोनों से पूछताछ की गई तो उन्होंने चलती ट्रेनों में यात्रियों का सामान चोरी करना स्वीकार कर लिया। आरोपियों ने जीआरपी रानी कमलापति स्टेशन पर दर्ज चार मामलों का खुलासा हुआ है।





### ट्रेन समेत रेलवे परिसर से अलग अलग घटनाओं में आठ मोबाइल चोरी, दर्ज चलती ट्रेनों और प्लेटफार्म पर नहीं थम रही वारदातें

**भोपाल।** राजधानी से गुजरने वाली यात्री ट्रेनों और रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्मों पर मोबाइल और सामान चोरी की घटनाएं थम नहीं रही हैं। पिछले 24 घंटे के भीतर मोबाइल और पर्स चोरी की कुल 8 एफआईआर दर्ज की गई हैं। सभी मामलों में बदमाशों की तलाश के लिए टीमें बनाई गई हैं। जानकारी के अनुसार मैनपुर उत्तर प्रदेश निवासी क्षितिज गुप्ता ( 19 ) मंगला एक्सप्रेस में नासिक से आगरा की यात्रा कर रहे थे। भोपाल रेलवे स्टेशन पर किसी ने उनका मोबाइल फोन चोरी कर लिया। इसी प्रकार हमीरपुर उत्तर प्रदेश निवासी अतुल कुमार दक्षिण एक्सप्रेस में सिकंदराबाद से वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी की यात्र कर रहे थे। इस दौरान किसी ने उनका मोबाइल फोन चोरी कर लिया। हरदोई निवासी नितीश मिश्रा खंडवा से लखनऊ की यात्रा कर रहे थे। भोपाल स्टेशन पर उनका मोबाइल चोरी हो गया। इधर अमरावती निवासी सतीश अपनी पत्नी के साथ अंबेडकर नगर नागपुर एक्सप्रेस में इंदौर से नागपुर की यात्रा कर रहे थे। इसी बीच किसी ने उनकी पत्नी का पर्स चोरी कर लिया। चोरी गए पर्स में 15 हजार रुपये कीमत का एक मोबाइल फोन और 7 हजार रुपये नकदी समेत करीब 22 हजार का सामान रखा था। इधर पिपरिया निवासी राहुल राय पंचवेली एक्सप्रेस में भोपाल से बैतूल की यात्रा कर रहे थे, तभी किसी ने उनकी जेब में रखा 33 हजार रुपए कीमत का मोबाइल फोन चोरी कर लिया। मुसाफिर खाने में युवक का मोबाइल चोरी पन्ना निवासी विनोद कुमार चतुवेर्दी खजुराहो से भोपाल आए थे। ट्रेन से उतरने के बाद वह प्लेटफार्म क्रमांक 6 पर बने मुसाफिर खाने के हाल में जाकर बैठ गए। कुछ देर बाद उन्हें नींद लग गई। तड़के करीब साढ़े चार बजे नींद खुली तो बगल में रखा उनका मोबाइल फोन चोरी हो चुका था। चोरी गए मोबाइल की कीमत 15 हजार रुपए बताई गई है। भीड़ के दौरान जेब से निकाला मोबाइल भोपाल निवासी राजकुमार सिंह अपने रिश्तेदारों को गोंडवाना एक्सप्रेस में बिठाने के लिए भोपाल रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। प्लेटफार्म क्रमांक दो पर भीड़भाड़ी के दौरान किसी ने उनकी जेब से मोबाइल चोरी कर लिया। चोरी गए मोबाइल की कीमत 12 हजार रुपए बताई गई है। इसी प्रकार भोपाल निवासी अंकुर सोनी सांची जाने के लिए रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। ओवर ब्रिज पर दोस्त का इंतजार करते समय उन्होंने अपना मोबाइल चार्जिंग पाइंट पर लगा दिया।

## स्कूल से लौटी दसवीं कक्षा की छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

भोपाल, दोपहर मेट्रो



बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित सोलह एकड़ कंजर बस्ती, दीक्षा नगर में शनिवार शाम चौदह साल की नाबालिग ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। साथ ही परिजन अभी बयान देने की स्थिति में भी नहीं है। पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के लिए मर्चूरी भेज दी है।

पुलिस के अनुसार इशिका पछेले पिता रामगोपाल पछेले ( 14 ) सोलह एकड़, कंजर बस्ती, दीक्षा नगर, बागमुगलिया में रहती थी। उसके पिता रामगोपाल पछेले प्राइवेट काम करते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनके दो बेटे हैं, जबकि 14 साल की बेटी इशिका थी। वह दसवीं कक्षा में पढ़ती थी। रामगोपाल शनिवार सुबह काम पर गए थे, जबकि बच्चे घर पर थे। उनकी पत्नी मायके गई हुई है। शाम को वह काम से लौटे तो इशिका उन्हें नजर नहीं आई। अंदर का कमरा बंद था। बच्चों से इशिका के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया कि स्कूल से आने के बाद इशिका कमरे में चली गई थी। आवाज देने के बाद भी कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो किसी तरह से दरवाजा खोला गया। इस दौरान पता चला कि इशिका ने फांसी लगा ली है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया।

## सवारी आटो में चालक की मिली लाश, करीब दो दिन पुरानी होने की अनुमान

भोपाल, दोपहर मेट्रो



बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित कंकाली मंदिर, सांकल जोड़ पर शनिवार सुबह सवारी आटो में चालक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। लाश करीब दो दिन पुरानी होने के कारण अकड़ चुकी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के बाद परिजन को सौंप दी है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि उसने कोई जहरीले पदार्थ का सेवन किया है। पुलिस के अनुसार मनोज कुमार ओड पिता श्यामलाल ओड ( 35 ) सौभाग्य नगर, सेमरा में रहता था। वह पेशे से आटो चालक था। गुरुवार को वह आटो लेकर घर से निकला था। कंकाली मंदिर में उसने सवारी छोड़ी और वहां से भोपाल लौट रहा था। अनुमान है कि सांकल जोड़ के पास उसने सड़क किनारे आटो खड़ा किया और ड्राइवर सीट पर बैठकर उसने जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। दो दिन तक पड़ी रही लाश शनिवार सुबह कुछ लोगों ने उसकी लाश आटो की सीट पर लटकी हुई अवस्था में देखी थी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के लिए भेज दी। पुलिस ने लोगों से पूछताछ की तो पता चला कि गुरुवार शाम भी आटो वहीं देखा गया था और आटो में बैठी हुई अवस्था में चालक को देखा गया था।

## वीआईपी कारकेड निकलने से पहले घुसा ऑटो चालक



भोपाल, दोपहर मेट्रो

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित आनंद नगर में शुक्रवार रात एक आटो चालक खाली सड़क देखकर घुस गया। इस बात से वह अंजान था कि इसी रोड से वीआईपी कारकेड गुजरने वाला है। ट्रैफिक एएसआई ने उसे रोड से बाहर किया और कारकेड निकलने के बाद उसे थाने लेकर पहुंची, वहां उसके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आटो जब्त कर लिया है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार रात करीब साढ़े 9 बजे रायसेन रोड से वीआईपी कारकेड निकलने वाला था। ट्रैफिक और थाना पुलिस ने कारकेड निकलने से पहले एक तरफ का रोड क्लीयर कराया।

इसी बीच आनंद नगर तिराहा पर कट पाइंट से एक आटो चालक खाली सड़क देखकर घुस गया। गनीमत रही कि कारकेड दूर था। एएसआई ने उसे रोककर आटो दूसरी सड़क पर ले जाने का कहा, लेकिन वह बहस करने लगा।

### लिफ्ट दे रहे बुजुर्ग से आटो चालक ने की मारपीट

**भोपाल।** कोहेफिजा इलाके में सड़क किनारे खड़े एक व्यक्ति को बुजुर्ग ने अपनी स्कूटर पर लिफ्ट दे दी। इसी बीच वहां पहुंचे एक आटो चालक ने बुजुर्ग के साथ मारपीट कर दी। पुलिस के मुताबिक संजीव थापक (60) कमला नगर में रहते हैं। शुक्रवार सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे वह बैरागढ़ से लालघाटी की तरफ जा रहे थे। हलालपुरा के पास सड़क किनारे खड़े एक व्यक्ति ने उनसे लिफ्ट मांगी तो उन्होंने अपनी स्कूटर रोक दी। इसी बीच एक आटो चालक वहां पहुंचा और उस व्यक्ति को अपनी सवारी बताते हुए संजीव के साथ गाली-गलौज करने लगा।

## पहले पहनी डीएसपी की वर्दी, अब एडिशनल एसपी की वर्दी पहन घूम रही थी युवती

भोपाल, दोपहर मेट्रो

टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित न्यू मार्केट में शुक्रवार शाम पुलिस अधिकारी की यूनिफार्म पहनकर घूम रही युवती को पुलिस ने पकड़ लिया। दरअसल, वर्दी अधिकारी की थी और बेच में नाम के सामने नंबर लिखा था। वर्दी और हुलिया देखकर एक बार पुलिस भी चौक गई थी।

हालांकि जब पूछताछ में पुलिस को उस पर संदेह हुआ तो उसे थाने लाया गया। वहां पूछताछ में उसने बताया कि उसने अपनी मां को खुश करने के लिए यह सब किया था। पुलिस ने वर्दी जब्त कर ली है। उसे थाने से ही जमानत देकर छोड़ दिया गया। माता-पिता को झूठी खुशी देने उसने तीन साल पूर्व डीएसपी की वर्दी पहनी थी।

एसीपी चंद्रशेखर पांडे ने बताया कि न्यू मार्केट और थाने के आसपास शुक्रवार शाम को पुलिस बल लगाया गया था। इस दौरान शाम करीब साढ़े छह बजे के आसपास एक युवती पुलिस अधिकारी की वर्दी में नजर आई। पुलिस कर्मचारियों ने अधिकारी की यूनिफार्म देखी तो वह एक पल के चौक गए। जब वर्दी पर गौर किया गया तो संदेह हुआ। इसके बाद महिला हेड कांस्टेबल उसे लेकर सीएसपी कार्यालय पहुंची। सीएसपी की पूछताछ में उसने अपना नाम शिवानी चौहान ( 24 ) इंदौर बताया। शिवानी ने पूछताछ में बताया कि वह 2018 बेच की है। एसीपी ने उससे पुलिस महकमे से जुड़े कुछ सवाल किए और कहा कि वह खुद 2018 बेच के हैं और उनका अभी तक प्रमोशन नहीं हुआ है। आपका इतने जल्दी प्रमोशन कैसे हो गया।

### सवाल पूछने पर टूटी शिवानी, बताया सच

शिवानी से पुलिस महकमे से जुड़े कुछ और सवाल पूछे गए और बेच के आगे लिखे नंबर के बारे में पूछा गया तो वह डर गई। उसने बताया कि वह एडिशनल एसपी नहीं है। उसने केवल एमपीपीएससी का पेपर दिया था। उसने वर्दी इंदौर खरीदी थी ताकि वह मां पिता को खुश कर सके। पुलिस ने भोपाल में रहने वाले उसके भाई को बुलाया। पुलिस ने वर्दी जब्त कर प्रकरण दर्ज कर लिया था। धारा जमानती होने के कारण उसे थाने से ही मुचलके पर जमानत दे दी गई।

### युवक से अड़ीबाजी कर बदमाशों ने छुरी मारी

**भोपाल।** टीला जमालपुरा बदमाशों ने एक युवक के साथ शराब के लिए अड़ीबाजी की और रुपये नहीं देने पर छुरी मारकर घायल कर दिया। पुलिस के मुताबिक हरिजन बस्ती टीला जमालपुरा में रहने वाला इब्राहिम खान डेंटिंग का काम करत हैं। रात करीब साढ़े बारह बजे वह खाना खाने के बाद अपने घर के बाहर काम्पलेक्स के पास खड़े थे। इसी बीच साहिल और उसका साथी तौहिद उनके पास पहुंचे और अड़ीबाजी करते हुए शराब पीने के लिए एक हजार रुपये की मांग करने लगे। इब्राहिम ने रुपये देने से इंकार किया तो आरोपियों ने मारपीट करते हुए छुरी से हमला कर घायल कर दिया। इब्राहिम के शोर मचाने पर आसपास के लोग पहुंचे तो आरोपी धमकी देते हुए भाग निकले।

### हादसे में स्कूटर सवार युवती घायल

**भोपाल।** कोहेफिजा इलाके में स्कूटर सवार एक युवती को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक निशातपुरा में रहने वाली नंदनी शुक्रवार सुबह जिम जाने के लिए स्कूटर लेकर घर से निकली थी। करीब आधे घंटे बाद जिम वालों ने परिजनों को बताया कि एयरपोर्ट रोड स्थित सूरज होटल के पास अज्ञात वाहन ने नंदनी की स्कूटर को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गई है। सूचना के बाद छोटी बहन गिरिजा अस्पताल पहुंची तो नंदनी भर्ती थी, लेकिन वह बोल नहीं पा रही थी। बाद में गिरिजा ने थाने जाकर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ एक्सीडेंट का प्रकरण दर्ज करवाया।

## जबलपुर की युवती से भोपाल की होटल में दुष्कर्म

भोपाल, दोपहर मेट्रो



जबलपुर की युवती के साथ भोपाल के ऐशबाग स्थित एक होटल में दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाए थे। बाद में जब उसने शादी करने से इंकार कर दिया तो पीड़िता ने स्थानीय थाने जाकर उसके खिलाफ केस दर्ज करवा दिया। डायरी आने के बाद ऐशबाग पुलिस ने असल कायमी कर ली है। पुलिस के अनुसार जबलपुर निवासी 32 वर्षीय युवती की पहचान सोशल मीडिया के माध्यम से अजीम सलीम नामक युवक से हुई थी। वह उत्तर प्रदेश के एक जिले का रहने वाला है। बाद में दोनों के बीच दोस्ती हो गई तो परिवार वाले उनकी शादी के लिए तैयार हो गए। पिछले साल मार्च 2023 में अजीम युवती को घुमाने के बहाने भोपाल लेकर आया और ऐशबाग स्थित एक होटल में ठहरा। इस दौरान उसने जल्द ही शादी करने का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म किया। उसके बाद वह अलग-अलग स्थानों पर युवती का शोषण करता रहा। पिछले दिनों युवती ने जब शादी के लिए दबाव डाला तो अजीम ने शादी करने से इंकार कर दिया। काफी समझाईश के बाद भी जब वह नहीं माना तो पीड़िता ने स्थानीय थाने जाकर उसके खिलाफ शारीरिक शोषण करने का मामला दर्ज करवा दिया। पहली बार घटनास्थल भोपाल का ऐशबाग थाना क्षेत्र होने के कारण डायरी ऐशबाग भेजी गई थी, जहां पुलिस ने असल कायमी कर ली है। आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

**मेट्रो एंकर** बेस्ट प्राइज के कर्मचारियों ने की वारदात, आनलाइन पैसे लेने के बाद नहीं पहुंचाया माल

# इंदौर के कारोबारी को बेस्ट प्राइज के कर्मचारियों ने लगाया 4 लाख 80 हजार का चूना

भोपाल, दोपहर मेट्रो

मिसरोद स्थित बेस्ट प्राइज के कर्मचारियों ने इंदौर के एक कारोबारी को 4 लाख 80 हजार 721 रुपए का चूना लगा दिया। दरअसल, व्यापारी ने बेस्ट प्राइज से 343 ऑयल बॉक्स का आर्डर दिया था। आर्डर देने के बाद भी व्यापारी के पास जब माल नहीं पहुंचा तो थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने जांच की तो पता चला कि कर्मचारियों ने माल कहीं और बेच दिया है। पुलिस के अनुसार सचिन कुमार सोनी पिता विजय कुमार सोनी ( 39 ) इंदौर में रहते हैं। उन्होंने




पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि उनका किराने का कारोबार है। वह मिसरोद स्थित बेस्ट प्राइज से अक्सर माल बुलाते थे। 19 सितंबर को भी उन्होंने बेस्ट प्राइज से 4 लाख 80 हजार 721 रुपए के 343 ऑयल के बॉक्स आर्डर किए। तय समय पर जब माल इंदौर नहीं पहुंचा तो उन्होंने बेस्ट प्राइज में मैनेजर समेत अन्य जिम्मेदारों से संपर्क कर ऑयल नहीं पहुंचने की शिकायत की।

### माल डिस्पेच करते समय की धोखाधड़ी

सचिन कुमार सोनी का माल नहीं पहुंचा और बेस्ट प्राइज के मैनेजर समेत अन्य जिम्मेदारों ने सही कारण नहीं बताया तो वे बेस्ट प्राइज पहुंचे। इसके बाद मिसरोद पुलिस को शिकायती आवेदन दिया।

### शोरूम के बाहर खड़ी युवक की बाइक चोरी

**भोपाल।** ऐशबाग स्थित वरेण्यम शोरूम के बाहर खड़ी एक युवक की बाइक चोरी हो गई। पुलिस के मुताबिक अजय धनवारे एक प्रायवेट बैंक में काम करते हैं। गुरुवार की शाम को वह एक क्लाइंट का एकाउंट खोलने के लिए पहुंचे थे। उन्होंने अपनी बाइक शोरूम के बाहर खड़ी की और अंदर चले गए। कुछ समय बाद बाहर निकले तो उनकी बाइक गायब थी। आसपास तलाश करने पर भी जब बाइक नहीं मिली तो उन्होंने थाने जाकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। इसी प्रकार कल्पना नगर पिपलानी में रहने वाले मोहन शर्मा के घर के बाहर खड़ी स्कूटर चोरी चली गई। पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।


**कार्यालय थाना प्रभारी थाना गौतमनगर भोपाल**

फोन नं. 0755-2730830 E-mail psgautamnagar@gmail.com

क्रं./थाप्र./गौतमनगर/गुमइंसान क्र. 62/2024

दिनाँक 21/11/2024

**जाहिर सूचना**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सूचक निर्दोष कुमार पिता लीलाधर कहार उम्र 40 साल निवासी मं.नं.34 पूर्वी निशातपुरा बैरसिया रोड़ गौतमनगर भोपाल कि रिपोर्ट पर थाना गौतमनगर मे गुम इंसान क्रमांक 62/24 कायम कर जांच मे लिया गया जिसमें गुमशुदा बबीता कहार पिता लीलाधर कहार उम्र 34 साल निवासी सदर अपने घर से बिना बताये कहीं चली गई जो अभी तक घर वापस नहीं आई जिसका हुलिया रंग गोरा, चेहरा लम्बा, कद करीबन 5 फिट 2 इंच लगभग, बाल काले, सलवार सूट पहने है तथा पैरो मे सैन्डल पहने हुए है जिसकी तलाश की जा रही है जिसका अभी तक पता नही चल पाया है।

अतः बबीता कहार पिता लीलाधर कहार उम्र 34 साल निवासी मं.नं.34 पूर्वी निशातपुरा बैरसिया रोड़ गौतमनगर भोपाल के संबंध मे कोई जानकारी प्राप्त होती है तो थाना गौतमनगर भोपाल के दूरभाष क्रं. 0755- 2730830 व जांचकर्ता सउनि. गणेश डेहरिया के मो. नं. 9424473919 पर सूचित करें।

G- 19371/24 **थाना प्रभारी, थाना गौतमनगर, भोपाल**


स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022